तापमान

अधिकतम 44.4 डिग्री

न्यूनतम 29.6 डिग्री

# हरिभूमि बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

[ बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया ]




इंदू चौक बस स्टाप पर सो रहे लोग।


## औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा 10th/ 12th/ स्नातक छात्राओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंध पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्धत कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्याथियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें: मो. 7697212782 **पता: फायर सेफ्टी डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चोक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**

**इच्छुक छात्र- छात्राएं आवेदन करें**

**फायर सेफ्टी के कोर्स**

1. एक वर्ष फायर सेफ्टी
2. एक वर्षीय इंडस्ट्रियल सेफ्टी
3. बी.एस.सी. फायर सेफ्टी
4. सेनेटरी हेल्थ इंस्पेक्टर
5. (ADIS) एडवांस्ड डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
6. (PDIS) पोस्ट डिप्लोमा इंडस्ट्रियल सेफ्टी
7. सर्टिफिकेट कोर्स फायर एवं सेफ्टी



Advt.


## खबर संक्षेप

### जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक आज

**बिलासपुर**। जिला पंचायत में सामान्य सभा की विशेष बैठक मंगलवार को आयोजित की गई है। इस बार सामान्य सभा की बैठक इस बार शाम 4 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में रखी गई है। सामान्य सभा की विशेष बैठक में ज्ञान भारतम पांडुलिपि सर्वेक्षण पर चर्चा होगी। इसके अलावा सुशासन तिवारी की रूपरेखा पर विचार-विमर्श किया जाएगा। इसके साथ ही अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी सामान्य सभा में चर्चा होगी और विभागों के अधिकारियों द्वारा अपने-अपने विभागों से संबंधित एजेंडा, कार्यो के बारे में जानकारी दी जाएगी। सामान्य सभा की बैठक जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत सीईओ संदीप कुमार अग्रवाल सहित जिला पंचायत सदस्यों व अधिकारियों की उपस्थिति रहेगी। बैठक में पेयजल समस्या, खराब सड़क, मनरेगा, आवास निर्माण, स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था जैसे मुद्दों पर भी चर्चा हो सकती है।

### राष्ट्रीय महिला आयोग अध्यक्ष की जनसुनवाई कल

**बिलासपुर**। महिलाओं की समस्याओं के त्वरित निराकरण, न्याय तक आसान पहुंच और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 29 अप्रैल को बिलासपुर में राष्ट्रीय महिला आयोग द्वारा महिला जनसुनवाई का आयोजन किया जाएगा। आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर की अध्यक्षता में बुधवार 29 अप्रैल को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। प्रातः 10 बजे 'शी सर्वज' विषय पर कार्यक्रम का आयोजन स्वर्गीय लखीराम ऑडिटोरियम, कंपनी गार्डन के पास किया जाएगा। सुबह 11:30 बजे कलेक्टोरेट स्थित मंथन मीटिंग हॉल में बैठक होगी। दोपहर 1 बजे से जल संसाधन विभाग परिसर स्थित प्रार्थना सभा कक्ष में महिला जनसुनवाई आयोजित होगी, जहां महिलाएं घरेलू हिंसा, कार्यस्थल उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, संपत्ति विवाद, साइबर अपराध, पारिवारिक विवाद सहित विभिन्न मामलों की शिकायत सीधे आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकेंगी। दोपहर 3 बजे यशोदा एआई विषय पर कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें एनआरएलएम से जुड़ी महिलाओं, स्व-सहायता समूहों एवं लघु उद्यम से जुड़ी लगभग 200 महिलाओं के साथ संवाद किया जाएगा। जन सुनवाई में पूर्व पंजीयन की आवश्यकता नहीं है।

### छूटा बैग यात्री को किया सुपुर्द

**बिलासपुर**। ट्रेन में छूटे बैग को आरपीएफ की टीम ने खोजबीन करने के बाद यात्री को वापस कर दिया है। मंडल सुरक्षा नियंत्रण कक्ष बिलासपुर को सूचना मिली कि 08872 एक्सप्रेस के कोच एस 5 के बर्थ नम्बर 17 में भोलपुर शांतिनिकेतन स्टेशन से रायगढ़ स्टेशन तक एक यात्री सफर कर रहा था, जिसका एक बैग भूलवश छूट गया है। बिलासपुर में ट्रेन पहुंचने के बाद आरपीएफ की टीम ने बैग को पोस्ट में लाकर जमा कर दिया। शिकायतकर्ता अब्दुल अली के परिजन तखतपुर पथरिया निवासी शुभम जायसवाल पिता अरूण जायसवाल 27 साल आरपीएफ पोस्ट पहुंचा, जहां पहचान व अन्य कागजी कार्रवाई के बाद उसे बैग सुपुर्द कर दिया गया।

# सबका 'हिसाब' एक साथ करने के फेर में सबको जीवनदान?

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के चार संग्रहण केंद्रों में ढाई हजार मीट्रिक टन धान शार्टेज के मामले में किसी भी संग्रहण केंद्र प्रभारी पर आज तक कार्रवाई नहीं हो सकी है। विभागीय सूत्रों के अनुसार धान शार्टेज के मामले प्रदेश के कई जिलों में सामने आए हैं, जिससे सभी जिलों में दोषियों पर एक ही तरह की कार्रवाई होनी है। लिहाजा कार्रवाई के लिए अन्य जिलों के संलिप्त कर्मचारियों को जारी नोटिस का जवाब आने तक इंतजार किया जा रहा है।

संग्रहण केंद्र में रखे करोड़ों रूपए कीमती हजारों मीट्रिक टन धान चूहे खा गए। इस तरह के मामले बिलासपुर जिले में भी देखने को मिले थे। जिले के चार संग्रहण केंद्र मोपका, भरनीभाठा, करगीकला एवं बिल्हा में कुल 2 हजार 784 मीट्रिक टन धान का शार्टेज पाया गया था। इसके अंतर्गत मोपका संग्रहण केंद्र में कुल 17 सौ मीट्रिक टन धान का उठाव किया जाना था, लेकिन मौके पर केवल 380 मीट्रिक टन धान ही उपलब्ध पाया गया। शेष 1 हजार 320 मीट्रिक टन धान शार्टेज की श्रेणी में आ गया था। इसी तरह बिल्हा संग्रहण केंद्र में 1604 मीट्रिक टन धान का उठाव किया जाना था, लेकिन यहां मौके पर केवल 140 मीट्रिक टन धान ही उपलब्ध होना पाया गया। बिल्हा में 1 हजार 464 मीट्रिक टन धान का शार्टेज पाया गया था। विभाग के अनुसार इनमें कुछ केंद्रों में तो पंद्रह साल पुराने धान का भी उठाव नहीं हो सका था।



- जिले में ढाई हजार मीट्रिक टन से भी अधिक धान के शार्टेज मामले में कोई काईवाई नहीं
- प्रदेश के सभी शार्टेज वाले जिलों से नोटिस का जवाब आने के बाद कार्रवाई का इंतजार

इस मामले में सभी चारों संग्रहण केंद्र प्रभारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका सभी ने जवाब प्रस्तुत किया है। इधर सारे संग्रहण केंद्र प्रभारियों के जवाब अगली कार्रवाई के लिए शासन को प्रस्तुत किए जा चुके हैं, लेकिन किसी पर भी आज तक कोई कार्रवाई नहीं की जा सकी है। इस संबंध में विपणन विभाग का कहना है कि धान का शोर्टेज केवल बिलासपुर जिले में नहीं हुआ है। यह स्थिति प्रदेश के कई जिलों में है। उन सभी जिलों में भी संबंधितों को कारण बताओ नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। संबंधित कर्मचारियों द्वारा जवाब प्रस्तुत करने की स्थिति में शासन द्वारा पूरे प्रदेश के शार्टेज वाले प्रकरणों पर एक साथ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि विभाग ने दावा किया है कि दोषी व्यक्तियों पर शत प्रतिशत दंडात्मक कार्रवाई तय है। भले ही इसमें विलंब हो रहा है।

दिक्कत यह है कि एक साथ कार्रवाई होने के इंतजार में सारे कर्मचारी अपनी जगह पर ही जमे हुए हैं। न तो उनका स्थान परिवर्तन किया गया है और न ही उनके कार्यों में बदलाव किया गया है। विभाग के इस क्रियाकलाप से ऐसा लगता है कि साढ़े दस करोड़ के धान शार्टेज के मामले में केवल दिखावे के लिए नोटिस जारी कर अब शासन से अगली कार्रवाई होने का झुनझुना पकड़ाया जा रहा है।

### कार्रवाई का किया जा रहा इंतजार

धान शार्टेज के मामले में चारों संग्रहण केंद्र प्रभारियों को नोटिस जारी कर जवाब प्राप्त किया गया था। सभी के जवाब शासन को भेज दिए गए हैं। अब इस मामले में किसी भी तरह की कार्रवाई शासन स्तर का मामला है। शासन स्तर पर होने वाली कार्रवाई का इंतजार किया जा रहा है।

**- उपेंद्र कुमार**, डीएमओ

### दोपहर 3 बजे से ही बदलने लगा था मौसम, धूप-छांव के बाद बारिश

# पारा पहुंचा 45 पर, दोपहर बाद मौसम ने बदली करवट, 50 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चली आंधी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सुबह से धूप-छांव के साथ ही प्रचंड गर्मी का दौर जारी रहा, इस दौरान पारा 45 डिग्री के करीब पहुंच गया, लेकिन दोपहर 3 बजे से अचानक आसमान पर बादल छाने लगे और घंटे भर बाद तेज हवाएं चलने लगी। कुछ ही देर में 45 से 50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली आंधी ने मौसम का मिजाज बदल दिया। कुछ देर बाद झमाझम बारिश शुरू हो गई, आधे घंटे की बारिश से मौसम सुहाना हो गया।

गर्मी अपने तेवर दिखा रही है, सूर्योदय के साथ ही धूप झुलसाने लगती है, यही कारण है कि सुबह 10 बजे से पहले ही लोग अपना जरूरी काम निबटाने लगे हैं, लेकिन कामकाजी लोगों को दोपहर में भी धूप की तेजी सहने को मजबूर होना पड़ रहा है। सोमवार की सुबह से ही धूप छांव का खेल जारी रहा और दोपहर 2 बजे तापमान 44.4 डिग्री जा पहुंचा शाम 4 बजे तक मौसम ने करवट बदल ली और आसमान पर काले घने बादल छाने लगे। इस दौरान तेज हवाएं चलने लगीं, इससे सड़कों पर पत्ते, पालिथीन सहित कचरा फैल गया। हवा इतनी तेज थी कि जगह जगह फ्लैक्स बैनर उड़ते हुए बिजली के तारों पर जा गिरे, जिससे बिजली बंद हो गई।



सोमवार को चली आंधी और बारिश होने से पुराना बसस्टैण्ड की सड़क पर पानी भर गया।



### गर्मी से मिली राहत, अब उमस सताएगी

भीषण गर्मी के बीच एकाएक तेज बारिश होने से लोगों को गर्मी से राहत मिल गई है, आने वाले एक दो दिनों तक तापमान कम ही रहने की संभावना है, हालांकि उसके बाद गर्मी के साथ उमस बढ़ने के आसार हैं। आज हुई झमाझम बारिश से गर्मी के धान की खेती करने वाले किसानों के चेहरों की चमक बढ़ गई है। ये किसान पिछले कुछ दिनों से अघोषित बिजली कटौती और वाटर लेवल नीचे जाने से धान की फसल की सिंचाई नहीं कर पा रहे थे, आज की बारिश से किसानों की समस्या काफी हद तक दूर हो गई है।

### बिजली गिरने की चेतावनी

बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के कारण हल्की बारिश और गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। इस दौरान एक दो जगहों पर बिजली गिर सकती है। मध्य छत्तीसगढ़ के जिलों में अगले तीन दिनों तक लू जैसी स्थिति बनी रह सकती है। मौसम को प्रभावित करने वाले कई सिस्टम सक्रिय हैं। पूर्वी उत्तर प्रदेश, झारखंड और मध्य प्रदेश के ऊपर ऊपरी हवा के चक्रवाती परिसंचरण बन चुका है। जबकि दक्षिण छत्तीसगढ़ में बंगाल की खाड़ी से नमीयुक्त हवा पहुंच रही हैं। इसके कारण कुछ क्षेत्रों में हल्की बारिश की संभावना है।

### जबड़ापारा व मंगला में गिरा पेड़

बताया जा रहा है कि तेज हवाओं की जद में आने के कारण जबड़ापारा और मंगला में पेड़ गिर गया, जिसके चलते जबड़ापारा में विद्युत पोल टूट गया और कार भी क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान पूरे इलाके में बिजली ठप रही।



जबड़ापारा में विद्युत तार पर पेड़ गिरने से बिजली बाधित हुई।

### आंधी में खुली बिजली विभाग की पोल

# 5 घंटे बाद भी अंधेरे में रहे दर्जन भर इलाके

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

50 किमी प्रति घंटे की रफ्तार ने शहर की बिजली व्यवस्था को चौपट कर दिया। हालत यह रही कि कई इलाकों में शाम के बाद बिजली पूरी तरह से ठप रही। पेड़ व फ्लैक्स बैनर गिरने की वजह से जहां बिजली कर्मचारी रात भर मरम्मत में जुटे रहे। कई इलाकों में बारिश रूकने के 5 घंटे बाद भी बिजली बहाल नहीं हो सकी।

सोमवार की शाम आंधी आफत बन कर आई, इस दौरान शेफर्ड स्कूल जिला पंचायत के पास पेड़ की डंगाल गिरने की वजह से सर्किट हाउस, कुदुदंड, कलेक्टोरेट जैसे जगहों पर रात 11 बजे तक बिजली नहीं पहुंच सकी। बताया जा रहा है कि इस दौरान केबल और तार टूटने की वजह से मरम्मत कार्य में बड़ी बाधा आती रही, साथ ही मंगला के बूटीपारा में भी पेड़ की डंगाल गिरने के कारण 11 केवी का तार टूट गया, जिससे कई घंटों तक लोग अंधेरे में रहे। जबड़ापारा, चटर्जी गली में पेड़ गिरने के कारण बिजली का खंबा अधर हो गया, टेढ़े खंबे से बिजली सप्लाई नहीं हो सकी, लोगों को गर्मी और पसीने से तरबतर होने के लिए मजबूर होना पड़ा, हालांकि इस दौरान बिजली विभाग के कर्मचारी रात भर डटे रहे, लेकिन राहत कार्य में काफी देरी का सामना करना पड़ा, जिससे कई बार उपभोक्ताओं का सब्र भी टूटता रहा और बिजली कर्मचारियों से हुज्जतबाजी होती रही।

- जबड़ापारा, जिला पंचायत, शेफर्ड स्कूल के पास गिरा पेड़।
- मंगला क्षेत्र के बुटीपारा में तार टूटने के कारण सैकड़ों घरों में बिजली गुल।

### पेड़ में लगी आग

लिंक रोड में सुखा पेड़ तेज हवाओं के झोंके से झुक गया, इस दौरान करंट की वजह से सूखे पेड़ में आग लग गई, लोगों में अफरा तफरी मचने लगी। आसपास के लोगों ने बिजली विभाग को इसकी सूचना दी, लेकिन जब तक कर्मचारी आते पेड़ जलने लगा, और लोग इसका विडियो बनाते दिखे।



### फ्यूज कॉल में नहीं उठा फोन

विनोबा नगर, टिकरापारा, दयालबंद जैसे इलाकों में बिजली ठप रही, शाम के समय पूरा इलाका अंधेरे में डूबा रहा, इस दौरान उपभोक्ताओं ने बिजली समस्या को देखते हुए फ्यूजकॉल में फोन घुमाया लेकिन आपरेटरों ने फोन नहीं उठाया। यही हाल सरजू बगीचा, मसानगंज क्षेत्र का भी रहा, जहां कई घरों में शाम का पीने का पानी नहीं पहुंचा, लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है। वहीं रात में जम्पर कटने और डियो गिरने के कारण कई इलाकों में बिजली की आंखमिचौली जारी रही।

### यूनिवर्सिटी हास्टल में छात्रों के बीच विवाद का मामला

# सीयू प्रशासन ने सुरक्षा प्रभारी को थमाया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विवेकानंद हास्टल में लॉ डिपार्टमेंट व फार्मेसी के छात्रों के बीच विवाद मामले में यूनिवर्सिटी द्वारा गठित चार सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी ने सोमवार को जांच शुरू की, किन्तु जांच पूरी नहीं हो पाई है। वहीं यूनिवर्सिटी प्रशासन ने सुरक्षा संबंधी चूक के लिए यूनिवर्सिटी के सुरक्षा प्रभारी सीमा राय को कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

सेंट्रल यूनिवर्सिटी के विवेकानंद ब्वायस हास्टल विवाद मामले में अब यूनिवर्सिटी के सुरक्षा प्रभारी सीमा राय भी जांच के घेरे में आ गई है। सीमा राय जुलाजी डिपार्टमेंट में प्राध्यापिका है साथ ही यूनिवर्सिटी के सुरक्षा विभाग के प्रभारी का भी दायित्व उनके ऊपर है। यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उन्हें कारण बताओ नोटिस थमाया है, जिसका उन्हें जवाब यूनिवर्सिटी को देना होगा और यूनिवर्सिटी की फैक्ट फाइंडिंग कमेटी भी उनसे इस मामले में पूछताछ कर सकती है। फैक्ट फाइंडिंग कमेटी आज मामले में जांच करने बैठी थी, किन्तु यूनिवर्सिटी में सेमेस्टर एग्जाम भी चल रहा है इसलिए आज जांच समिति छात्रों का बयान एवं पूछताछ नहीं कर पाई है। इसलिए आज मामले में जांच पूरी नहीं हो पाई है।

**फैक्ट फाइंडिंग कमेटी पूरी नहीं कर पाई जांच**




### बिना पदनाम के थाने में शिकायत

धार्मिक टिप्पणियों एवं सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट के कारण मारपीट की घटना के संबंध में चार छात्रों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने सेंट्रल यूनिवर्सिटी की ओर से जो शिकायत पत्र कोनी थाना को लिखा गया है, उसमें प्रार्थी केन्द्रीय सुरक्षा अनुभाग गुरु घासीदास यूनिवर्सिटी लिखा है। इसमें किसी जिम्मेदार व्यक्ति का पदनाम भी नहीं लिखा गया है। बिना पदनाम के सुरक्षा अनुभाग की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

### चार छात्र हास्टल से निष्कासित

सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा लॉ डिपार्टमेंट के तीन छात्रों तोफान चन्द्र नायक, प्रियांशु, कौस्तुभ मणी पाण्डे एवं फार्मेसी डिपार्टमेंट के अंशुमान सिंह को हास्टल से निष्कासित कर दिया गया है। इन चारों छात्रों के खिलाफ यूनिवर्सिटी द्वारा एफआईआर भी दर्ज कराई गई है। इन हास्टल के छात्रों के एके वाट्सएप ग्रुप में भगवान श्रीराम, परशुराम और डॉ. भीमराव अंबेडकर को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी का स्क्रीनशॉट वायरल हो गया। इसी को लेकर यूनिवर्सिटी हास्टल में झगड़ा हुआ।

### शुरू की गई है जांच

ब्वायस हास्टल में छात्रों के बीच विवाद मामले में यूनिवर्सिटी की ओर चार सदस्यीय फैक्ट फाइंडिंग कमेटी बनाई गई है। कमेटी द्वारा इस मामले में जांच शुरू कर दी गई है, अभी जांच पूर्ण नहीं हो पाई है।

**- प्रो. मनीष श्रीवास्तव,** मीडिया प्रभारी, सीयू

खबर संक्षेप

## नव जागृति विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित



**तखतपुर।** नव जागृति उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में वार्षिक परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई। संस्था की प्राचार्य एवं संस्थापिका एसपी सैमुएल सहित संस्था प्रभारी समित सैमुएल, आयरिस बरखा सैमुएल के साथ विद्यालय के समस्त शिक्षक व अभिभावक तथा सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ सांस्कृतिक प्रभारी पूजा तिवारी एवं आकांक्षा पाठक के उद्बोधन के साथ हुआ। सर्वप्रथम अंग्रेजी माध्यम के कक्षा नर्सरी से कक्षा ग्यारहवीं तथा हिंदी माध्यम कक्षा पहली से कक्षा ग्यारहवीं तक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को संस्था प्रभारी द्वारा प्रशस्ति पत्र दिया गया। प्राचार्य एसपी सैमुअल ने कहा कि बच्चे भविष्य के निर्माता हैं। कार्यक्रम के अंत में संस्था प्रभारी समित सैमुएल ने आभार व्यक्त किया।

## गायत्री परिवार के युवा शिविर से संस्कारी बनेंगे बच्चे



**तखतपुर।** सांस्कृतिक भवन में गायत्री परिवार द्वारा छह दिवसीय व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर का आयोजन 24 अप्रैल से किया जा रहा है। शिविर के चतुर्थ दिवस में जिला पंचायत उपाध्यक्ष ललिता कश्यप ने शिवरार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए गायत्री परिवार का योगदान सराहनीय है। व्यक्तित्व निर्माण युवा शिविर से बच्चे संस्कारी बनेंगे। संस्कारी औऱ आज्ञाकारी पीढ़ी के निर्माण में गायत्री परिवार का योगदान अतुलनीय है। इस शिविर से बच्चे आगे चलकर व्यक्ति निर्माण, परिवार निर्माण, समाज निर्माण औऱ राष्ट्र निर्माण की दिशा में आगे बढ़ेंगे। आज के युवा कल के सफल, देशभक्त नागरिक बनेंगे। कार्यक्रम को पूर्व भाजपा मण्डल अध्यक्ष संतोष क़श्यप ने भी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का संचालन लखन श्रीवास ने किया। वंदना पटेल औऱ गिरधर क्षत्रिय ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर नेहा गुप्ता, कुंजबिहारी पटेल, रीना ठाकुर, जग्गू राम साहू, केके श्रीवास रति राम पटेल, अश्वनी पटेल सहित बड़ी संख्या में गायत्री परिवार के परिजन औऱ प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे।

## प्रशासन की तत्परता से टला बाल विवाह



**पेंड्रा।** मरवाही ब्लॉक में प्रशासन की सजगता और त्वरित कार्रवाई से एक नाबालिग बालिका का विवाह होने से रोक दिया गया। यह मामला ग्राम पंचायत धुम्माटोला बहरी झोरकी का है, जहां चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 पर प्राप्त एक गुप्त सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार, क्षेत्र में एक नाबालिग बालिका का विवाह कराए जाने की तैयारी चल रही थी। सूचना मिलते ही जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए उच्च अधिकारियों को अवगत कराया। इसके बाद महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अमित सिन्हा के निर्देशन में एक विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम में जिला बाल संरक्षण अधिकारी बीरेंद्र कुर्रे, ब्लॉक परियोजना अधिकारी, सेक्टर सुपरवाइजर, चाइल्ड हेल्पलाइन प्रतिनिधि, जिला बाल संरक्षण इकाई के सदस्य तथा मरवाही थाना की पुलिस टीम शामिल थी। टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्राम पंचायत के सरपंच और स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में बालिका के आयु संबंधी दस्तावेजों की गहन जांच की।

## लहरिया ने किया सीसी रोड निर्माण का भूमिपूजन



**मस्तूरी।** जनपद पंचायत क्षेत्र अंतर्गत स्थित ग्राम पंचायत पाराघाट में विधायक एवं उपसचेतक दिलीप लहरिया ने सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। बरसात के दिनों में गांव में अगर किसी की मृत्यु हो जाए तो लोगों को मुक्तिधाम जाने के लिए काफी मशक्कत करना पड़ता था ग्राम वासी हमेशा मुक्तिधाम जाने वाली सड़क की मांग को लेकर अधिकारियों से लेकर जनप्रतिनिधि तक का दरवाजा खटखटाया था अंततः विधायक दिलीप लहरिया ने इसे संज्ञान में लेते हुए अपने सतत प्रयासों एवं अनुशंसा से मंडी बोर्ड निधि से राशि 11.91 लाख स्वीकृत कराया है। प्रबुद्ध नागरिक एवं पंचायत के जनप्रतिनिधियों के बुलावे पर आकर विधायक श्री लहरिया ने स्वीकृत सीसी रोड निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। विधायक दिलीप लहरिया ने कहा कि यह महत्वपूर्ण विकास कार्य पूर्ण हो जाने से ग्रामवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं मिलेगी। इस अवसर पर संतोष दुबे, भोलाराम साहू, कार्तिक राम पटेल, सरपंच माधवी संदीप सोनी, अखिलेश दुबे, हीरालाल यादव पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित करने व गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध की मांग

# गौ सम्मान अभियान के तहत सकर्रा में हरि कीर्तन यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी



गौ सम्मान अभियान के अंतर्गत तखतपुर विधानसभा क्षेत्र के सकर्रा उपतहसील में सोमवार को व्यापक जनसहभागिता के साथ धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान के तहत गौ माता को राष्ट्रमाता का दर्जा दिलाने और देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर ग्रामीणों, सामाजिक संगठनों और गौ सेवकों ने एकजुट होकर अपनी आवाज बुलंद की।

उपतहसील सकर्रा अंतर्गत आने वाले लगभग 25 गांवों में पहले चरण में व्यापक जनजागरण किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों, महिलाओं और युवाओं ने हस्ताक्षर कर गौ संरक्षण के समर्थन में अपनी सहमति दर्ज कराई। पदयात्रा तहसील कार्यालय पहुंची, जहां गौ भक्तों के प्रतिनिधिमंडल ने नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में केंद्र सरकार से मांग की गई कि गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित किया जाए तथा देशभर में गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए सख्त कानून बनाया जाए। इस अवसर पर संत रामदास त्यागी, अम्बिका साहू, पूजा यादव, सीमा कर्ष प्रहलाद यादव शत्रुहन यादव बजरंग दुबे, नरेन्द्र पटेल आशाराम निषाद, श्यामता कौशिक, नंदू कर्ष गोवर्धन विश्वकर्मा, मोतीलाल यादव, सूरज प्रजापति, संदीप मानिकपुरी, भूपेन्द्र कौशिक, प्रहलाद साहु, विनोद धुरी निक्कू यादव सतीश साहू आर्यन कौशिक विकाश दास अनिल यादव, लक्ष्मी साहू, चोलाराम यादव दयाशंकर शिवा साहू पवन धुरी, गणेश कर्मकार, संभू साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



## गौ माता का सम्मान आवाहन अभियान रैली के साथ प्रारंभ

**सरगांव।** भारतीय संस्कृति की प्रतीक गौमाता के सम्मान, संरक्षण और संवर्धन के लिए सरगांव तहसील में 'गौ माता का संकल्प आवाहन अभियान' का भव्य शुभारंभ राधाकृष्ण मंदिर परिसर में पूजा अर्चना कर किया गया। हरीकिर्तन टोली की अगुवाई में कलश यात्रा निकाली गई जो नगर के मुख्य मार्ग महामाया मंदिर होते हुए बस स्टैंड में सामुहिक हनुमान चालीसा किया प्रसाद वितरण के बाद समापन किया। कार्यक्रम में संत समाज,गौशाला संचालक, किसान,युवा,महिलाएं और सैकड़ों गौभक्तों ने भाग लेकर गौ सेवा का संकल्प लिया व तहसील कार्यालय में जाकर राष्ट्रपति प्रधानमंत्री राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम पर गौ माता को राष्ट्रमाता बनाने हेतु आवेदन पत्र सौंपा गया।

अभियान के उद्देश्य के संबंध में ब्रजेश शर्मा ने बताया कि इसका उद्देश्य केवल गौ रक्षा नहीं, बल्कि गौ आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था को पुनर्जीवित करना है। देसी गाय के गोबर-गोमूत्र से जैविक खेती, पंचगव्य औषधि और रोजगार सृजन पर जोर दिया जाएगा। रैली व कलश यात्रा के दौरान गौ भक्त हाथों में 'गौ माता- राष्ट्र माता' की तख्तियां लिए जनजागरण करते रहे। कार्यक्रम में शिव पांडेय, शरद यादव, कृष्णा साहू, अशोक साहू दिलीप कौशिक, टेकराम साहू, गोविंद साहू, डमरू साहू, रोहित साहू, कमलेश अग्रवाल मलहरण साहू, नरेंद्र साहू, दिनेश, अजय, किशन, महेश साहू, सोनू, बंटी, राजू,छन्नू, भागुराम, सोनू, टेकराम साहू, अभय वर्मा, केशव कौशिक, रवी, कौशिक, दौलत ओम, प्रकाश, कोमल, हर्ष, सूरज सागर, गुलशन, जय, श्यामलाल कौशल, संजू, अंकित, अभिषेक जमीन, सागर, सूरज,आर्यन सुखसागर, दुर्गेश वर्मा, कमल लकी, अभिषेक, ओंकार मातृशक्ति से विनीता साहू, पांचों साहू, पार्वती साहू सहित बड़ी संख्या गौ भक्त उपस्थित रहे।

## लोरमी में गौ सेवकों ने सौंपा राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन



**लोरमी।** गौ माता को राष्ट्र माता घोषित करने के लिए पूरे देश मे राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौपा गया। गौसेवको ने मानस मंच से गौ सम्मान यात्रा तहसील कार्यालय तक निकालकर ज्ञापन सौंपा। गौसेवकों ने बताया अगर सरकार उनके आवेदन पर विचार नहीं करती तो तीन महीने बाद गौमाता कों राष्ट्र माता घोषित करवाने की योजना शुरु होगी। इस अवसर पर मयंक सिंह राजपूत, नरेश अग्रवाल, पूनम सिंह राजपूत, पवन अग्रवाल, निखिल दुबे, भास्कर खत्री, धनेश साहू, संजय सिंह राजपूत, सुशील यादव, गोकुल सिंह, पुष्पकांत, सुदर्शन सिंह एवं बड़ी संख्या में गौसेवक शामिल रहे।

## गौसेवकों ने मरही माता मंदिर से रैली निकालकर किया नगर भ्रमण

**पेंड्रा।** गौ सम्मान आवाहन अभियान के अंतर्गत गोरेला ब्लॉक में गौ सेवकों ने रैली निकालकर तहसील कार्यालय में ज्ञापन दिया।

गौ सेवकों के द्वारा गौ सम्मान आवाहन अभियान का आगाज किया गया है। प्रथम चरण में 27 अप्रैल को मोहनी एकादशी को गौरेला नगर में देखने को मिला ।यह अभियान देश के 780 जिलों व 5 हजार तहसीलों में आयोजित किया गया है। इस कड़ी में गौ सम्मान अवाहन अभियान के मुख्य उद्देश्य को लेकर गौ कीसेवा व संरक्षण के साथसेवा सुरक्षा व सम्मान को लेकर कार्यक्रम के प्रथम चरण में गौरेला के मरही माता मंदिर से वाहनों में सवार होकर गौ सेवक, गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधियों की रैली नगर भ्रमण करते हुए रैली तहसील कार्यालय पहुंची, जहां ज्ञापन सौंपा गया। तहसीलदार की अनुपस्थिति में वह ज्ञापन अनुविभागीय दंडाधिकारी को सौंपा गया।

ज्ञापन सौंपने वालों में स्वामी परमात्मा नंद गिरी, पंडित कौशल मणि तिवारी, ज्ञानेंद्र उपाध्याय, मथुरा सोनी, संतोष तिवारी, भगत भागू मेठवानी, सियाराम गौ सेवा के पदाधिकारी उमेश अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, रामखेलावन दुबे आशीष बंसल एडवोकेट, वीरेंद्र विश्वकर्मा, देवेंद्र शुक्ला, मनोज विश्वकर्मा पार्षद, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, कबीर मिश्रा सचिन चतुर्वेदी ऋषभ केसरी, आशीष दुबे, अर्पित चतुर्वेदी, प्रकाश कुलदीप, मयंक जैन, आशुतोष तिवारी, अभिषेक तिवारी, अमन दुबे, संतोष नामदेव, आयुष अग्रवाल, उत्कर्ष और बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद थे।

## हनुमान चालीसा पाठ के साथ सैकड़ों ग्रामीणों ने दिया समर्थन



**सीपत।** गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत सोमवार को सीपत में धार्मिक आस्था और जनसमर्थन का संगम देखने को मिला। अभियान के संयोजक एवं गौ सेवा प्रखंड अध्यक्ष रवि पांडेय के नेतृत्व में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम तहसील कार्यालय में ज्ञापन सौंपा गया। इससे पहले नवाडीह चौक स्थित हनुमान मंदिर में विधि-विधान से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इसके बाद गौ सम्मान के समर्थन में हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें आसपास के सैकड़ों ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए गौ रक्षा और सम्मान के पक्ष में अपना समर्थन दर्ज कराया। अभियान के संयोजक रवि पांडेय ने कहा कि गौमाता भारतीय संस्कृति, आस्था और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की आधारशिला हैं। गौ संरक्षण को केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि कानूनी रूप से भी मजबूत बनाने की आवश्यकता है। केंद्र सरकार से उन्होंने गौवंश की सुरक्षा, सेवा और संवर्धन के लिए सख्त कानून बनाने और गोपालन को बढ़ावा देने की मांग की। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि वे इस अभियान से जुड़कर समाज में जागरूकता फैलाएं। अभियान से जुड़े दीपक गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि गौ रक्षा केवल आस्था का विषय नहीं, बल्कि देश की आर्थिक और सामाजिक व्यवस्था से भी जुड़ा हुआ है। इस मौके पर राजेश केवट, रविकांत राजवाड़े, संजय गुप्ता,रिंकू शर्मा, प्रमोद कश्यप, नारायण साहू, धनंजय धीवर, वेद साहू, तुषार चंद्राकर, ललित यादव, मोहन गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मुख्यमंत्री, राज्यपाल के नाम तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन



**दगोरी।** गौसेवक संघ द्वारा गौ माता को राजमाता घोषित करने हेतु राज्यपाल ,मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार बिल्हा को ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में गौ सेवक, श्यामसुंदर सन्नाट, शेखर सन्नाट, खिलेश्वर सेन, लीलाधर चित्रसेन कौशिक, प्रेम, हरि कौशिक, पंकज, लक्की, दिलेश जायसवाल, समीर, छोटू यादव, मनीषा कौशिक, निखिल कौशिक आदि उपस्थित थे।

# कृषि सामान विक्रेताओं ने रखी दुकानें बंद



**पेंड्रा।** कृषि आदान विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर महाराष्ट्र में 27 अप्रैल से प्रस्तावित अनिश्चितकालीन बंद को जिले के व्यापारियों ने भी समर्थन देने का ऐलान किया है। इसी कड़ी में जिले का कृषि व्यापारी संघ द्वारा 27 अप्रैल को एक दिवसीय सांकेतिक बंद रखा गया। उप संचालक कृषि को दिए गए ज्ञापन में बताया गया है कि देशभर के कृषि आदान विक्रेताओं की समस्याओं को सरकार तक पहुंचाने के लिए महाराष्ट्र फर्टिलाइजर्स, पेस्टीसाइड्स एंड सीड्स डीलर्स एसोसिएशन, पुणे द्वारा यह आंदोलन शुरू किया जा रहा है। इसके समर्थन में जीपीएम जिला संगठन भी एक दिवसीय बंद करेगा।

संघ के अनुसार वर्तमान में कृषि आदान विक्रेता कई गंभीर समस्याओं से जूझ रहे हैं। प्रमुख मांगों में उर्वरकों के साथ अनावश्यक उत्पादों की जबरन टैगिंग पर रोक, यूरिया, डीएपी, एमओपी व एनपीके उर्वरकों पर डीलर मार्जिन में बढ़ोतरी, सभी विक्रेताओं के सेल्स प्वाइंट तक एफ.ओ.आर. (फ्री ऑन रोड/रेल) आधार पर माल की आपूर्ति, कानूनी सुरक्षा के तहत सीलबंद माल के सैंपल फेल होने पर विक्रेताओं को जिम्मेदार न ठहराने तथा इसकी जिम्मेदारी निर्माता कंपनियों पर तय करने की मांग शामिल है। इसके अलावा 'साथी पोर्टल' को लेकर भी आपत्ति जताई गई है। संघ का कहना है कि इसकी अनिवार्यता केवल निर्माता कंपनियों तक सीमित रखी जाए, विक्रेताओं पर इसे लागू न किया जाए।

### खाद बीज विक्रेता संघ ने सौंपा ज्ञापन



**मुंगेली।** अखिल भारतीय खाद बीज एवं कीटनाशक दवा विक्रेता संघ के आह्वान पर मुंगेली जिले के समस्त खाद बीज एवं कीटनाशक संघ द्वारा भी अपनी प्रतिष्ठानों को बंद कर बंद का समर्थन देते हुए अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम का ज्ञापन जिलाधीश कार्यालय में तथा कृषि विभाग के उपसंचालक अधिकारी को दिया गया। ज्ञापन में खाद पर जबरन लिंकिंग करने के साथ ही अनुपयोगी उत्पाद बेचने की बाध्यता खत्म की जाए तथा बढ़ती लागत एवं महंगाई को देखते हुए उर्वरक पर डीलर की मार्जिन को बढ़ाया जाए। ज्ञापन के अंत में कहा गया है कि समस्याओं के निराकरण के लिए उचित पहल करें।

## जमीन विवाद में सुपारी देकर हत्या कराने वाली महिला को उम्रकैद

**पेंड्रा।** जिले में करीब 14 वर्ष पुराने एक सनसनीखेज हत्याकांड में न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए मुख्य साजिशकर्ता महिला को आजीवन कारावास की सजा दी है। पेंड्रारोड स्थित द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति अग्रवाल की अदालत ने जमीन विवाद के चलते युवक की सुपारी देकर हत्या कराने की दोषी पाई गई मीराबाई को उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही उस पर 2 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया गया है, जिसे अदा न करने पर अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक कौशल सिंह ने प्रभावी पैरवी की। मामला सितंबर 2012 का है, जब मरवाही थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंडरी निवासी मीराबाई का अपने पति श्रवण सिंह के साथ मृतक संजय सिंह से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते मीराबाई ने संजय सिंह को रास्ते से हटाने की साजिश रची और तीन व्यक्तियों को हत्या के लिए सुपारी दी। अभियोजन के अनुसार, मीराबाई ने आरोपियों को 30 हजार रुपये में हत्या का सौदा तय कर 29 हजार रुपये नकद अग्रिम रूप से दिए थे। इसके बाद 8 सितंबर 2012 को आरोपियों ने संजय सिंह की हत्या कर दी और साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को ग्राम ऐठी स्थित डबरी तालाब में फेंक दिया। पुलिस जांच में खुलासा हुआ कि इस हत्याकांड को अंजाम देने के लिए सेवका सिंह, बबलू उर्फ जगनारायण और भोलू उर्फ भोला गोंड को सुपारी दी गई थी। इन तीनों आरोपियों को न्यायालय द्वारा पूर्व में ही सजा सुनाई जा चुकी है, जबकि मुख्य साजिशकर्ता मीराबाई के खिलाफ मामला लंबित था।

# सर्व ब्राह्मण परिषद ने परशुराम जन्मोत्सव पर निकाली शोभायात्रा

**मुंगेली।** सर्व ब्राह्मण परिषद द्वारा भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में नगर के प्रमुख मार्गों में शोभायात्रा निकाली गई। पटाखों के गूंज से नगर गूंज उठा। जिसमें परशुराम जी की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। जगद्गुरू स्वामी घनश्यामाचार्य ने कहा कि ब्राह्मण अपने संस्कार शिखा व तिलक को अवश्य धारण करें। इस अवसर पर प्रतिभावन विप्र छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

- भगवान परशुराम ने न्याय के लिए किया कार्य

नगर के शनि मंदिर परशुराम चौक पुराना बस स्टैण्ड से शोभायात्रा प्रारंभ हुई। परशुराम चौक में स्थापित परशुराम जी की आदम कद प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाओं, नवयुवकों एवं वरिष्ठ विप्रजन रामधुन की टोली के साथ भजन कीर्तन करते हुए सदर बाजार, महावीर स्वामी चौक गोलबाजार, परमेश्वरी चौक, महाराणा प्रताप चौक पड़ाव होते हुए पंडरिया रोड स्थित इंदिरा केशव विप्र भवन पहुंची। विप्र भवन में भगवान परशुरामजी की पूजा अर्चना व पं. मनोज मिश्रा के सस्वर गायन में महाआरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। इसके पश्चात मंच पर जगद्गुरू स्वामी घनश्यामाचार्य महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय, प्रदेश भाजपा कार्यसमिति सदस्य शैलेश पाठक, डॉ. दीनानाथ उपाध्याय, विनय शर्मा बिलासपुर, पं. बलदाऊ प्रसाद तिवारी एवं सर्व ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला का विप्र महिला एवं पुरुषों ने स्वागत किया। इस अवसर पर आशीर्वचन देते हुए स्वामी घनश्यामाचार्य ने कहा कि ब्राह्मण सर्व समाज को मार्ग दिखाने वाला समाज है। उन्होंने अपील की कि ब्राह्मण अपने संस्कार,शिखा व तिलक को अवश्य धारण करें। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीकांत पाण्डेय ने कहा कि ब्राह्मण वर्ग सर्व समाज के मार्गदर्शक हैं। डॉ. दीनानाथ उपाध्याय ने कहा परशुराम जी ने अन्याय को पराजित कर न्याय के लिए कार्य किया। बिलासपुर सर्व ब्राह्मण समाज से आए विनय शर्मा ने कहा कि मुंगेली में भगवान परशुरामजी की शोभायात्रा में शामिल होना उनके लिए गर्व की बात है। सर्व ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष पं अवधेश शुक्ला ने समाज का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। समाज के पं बलदाऊ प्रसाद तिवारी मजगाव लोरमी वाले ने अपने माता व पिता की स्मृति में दो बार 3-3 लाख रुपए का दान दिया है। इस अवसर पर बलदाऊ प्रसाद तिवारी का श्रीफल व अभिनंदन पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया गया। अभिनंदन पत्र का वाचन आशीष मिश्रा ने किया।



शोभायात्रा में शामिल ब्राह्मण समाज की महिलाएं।

सर्व ब्राह्मण महिला परिषद की जिलाध्यक्ष मंजुला शर्मा ने कहा कि परशुरामजी हम सबको अन्याय से बचाकर हमारी रक्षा करते हैं। कार्यक्रम का संचालन पं सुनील पाठक ने एवं आभार पं स्वतंत्र मिश्रा ने किया। शोभायात्रा में सर्व ब्राह्मण परिषद के दुष्यंत दुबे, अवधेश शुक्ला, प्रमोद पाठक, सुनील पाठक, स्वतंत्र मिश्रा, आशीष मिश्रा, प्रभात तिवारी, किरण शर्मा, सुनील पांडे, मनोज मिश्रा मनोज तिवारी, मनीष उपाध्याय, राहुल पाठक, आयुष शुक्ला, सौरभ बाजपेयी, चंद्रशेखर उपाध्याय, शशांक चौबे, चिंटू उपाध्याय शैलेंद्र तिवारी, बृजेश्वर मिश्रा ओमप्रकाश दीक्षित, मोहित तिवारी, ओमप्रकाश दीक्षित, संजय तिवारी, शोभित बाजपेयी, सुमित तिवारी, मनीष पाठक, शुभम दीक्षित, अरविंद पाण्डेय, आयुष दीवान सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

## आंधी से पेड़ धराशायी

**लोरमी।** अचानक मौसम बिगड़ने से आई आंधी ने कई गांव के पेड़ धराशायी कर दिया। इससे विद्युत व्यवस्था घंटों बाधित रही। सोमवार को शाम 4 बजे क्षेत्र में अचानक मौसम ने करवट ली। ग्राम बोडतराकला में बस्ती में एक पेड़ गिरने से बड़ा हादसा होने से बच गया। इससे विद्युत व्यवस्था चौपट हो गई। बिन मौसम बरसात ने लोगों को परेशान किया। इसी प्रकार खुड़यिा मार्ग के ग्राम अमलडीही के मुख्य मार्ग में एक विशाल पेड़ गिर गया। सुबह से ही मौसम खराब था। दिनभर तेज धूप थी और देर शाम मौसम ने करवट ली। आंधी एवं बारिश ने गर्मी को शांत कर दिया। इसी प्रकार पथर्रा फीडर घण्टों प्रभावित रहा। आंधी के चलते बहुत ग्राम में विद्युत तार एवं पोल गिरने शिकायत विभाग को मिलती रही। इसके कारण कर्मचारी जूझते नजर आए।



## खबर संक्षेप

### गौ माता को राष्ट्र माता का सम्मान दिलाने महिला सम्मेलन ने सौंपा ज्ञापन



**बिलासपुर।** अभा मारवाड़ी महिला सम्मेलन शाखा द्वारा आज गौ माता राष्ट्र माता अभियान के तहत छत्तीसगढ़ प्रांतीय अध्यक्ष उमा छापरिया, प्रांतीय सचिव सीमा गुप्ता, शाखा अध्यक्ष मधु बगड़ियां के नेतृत्व में कलेक्टर संजय अग्रवाल को प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौंपा गया है। कलेक्टर श्री अग्रवाल ने उन्होंने कुछ अच्छे सुझाव एवं मार्गदर्शन भी दिए जिससे हममें एक नया उत्साह आया। इस अवसर पर सचिव रंजना अग्रवाल, अनिरुद्ध अग्रवाल सीमा चौधरी, निशा अग्रवाल, तानिया जाजोदिया, ज्योति अग्रवाल, रीतू बजाज उपस्थित रहीं। कलेक्टर ने महिलाओं के लिए कुछ विशेष करने के लिए सलाह दी और महिलाओं को शारीरिक कमजोरी व कुपोषण को दूर करने के लिए खान पान आहार पर विशेष ध्यान देने लिए प्रोत्साहित किया।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी मोदी के मन की बात



**बिलासपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की 133वीं संस्करण को भारतीय जनता पार्टी जिला शहर के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में बड़ी स्क्रीन पर देखा और सुना। 26 अप्रैल रविवार को भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम 'मन की बात' की 133वीं संस्करण को उत्साहपूर्वक सुना गया। यह कार्यक्रम देशभर में प्रसारित हुआ, जिसमें प्रधानमंत्री ने विभिन्न सामाजिक, सांस्कृतिक एवं राष्ट्रीय विषयों पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम को सुनने लिए पार्टी कार्यालय पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने प्रधानमंत्री के प्रेरणादायक विचारों को ध्यानपूर्वक सुना और उन्हें अपने जीवन में आत्मसात करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, गुलशन ऋषि, अजीत सिंह भोगल, किशोर राय, प्रदीप शुक्ला, देवेन्द्र पाठक, बंधु मौर्य, श्रीकांत सहारे, दीपक साहू, योगेश बोले, रंगा नादम, देवेश खत्री, उमेश कुमार पाण्डेय, अनुरागिनी कश्यप, शुभम तिवारी, सम्पतलाल अहिरवार, विनीत बाल्मिकी, जगदीश कश्यप, जगदीश जज्ञासी, ओंकारनाथ बोले, शिव देवांगन, कीर्तिवर्धन गुप्ता, प्रतीक उपाध्याय, योगेश देवांगन, विक्की यादव, गणेश दनके, राजीव गुप्ता, राकेश सिंह, गिरीश देवांगन, रवि मोहोड़, सुशील विश्वकर्मा, तुशार मेढे, बबला सारथी, कान्हा तिवारी, नलीन दनके, विश्णु देवांगन, मेघा कुलमित्र, नीलु कुलमित्र, स्मिता बोले, सुमन सुरेन्द्र साहू, प्रशांत गुप्ता, संजय कश्यप, दीपक शर्मा आदि मौजूद थे।

### नगर विधायक अमर ने किया प्याऊ घर का उदघाटन



**बिलासपुर।** सदगुरू कबीर धनी धर्मदास साहब वंशावली सेवा समिति कबीर पंथ समाज आमिन माता महिला मंडल जरहाभाठा द्वारा प्याऊ घर खोला गया है। इसका उदघाटन नगर विधायक अमर अग्रवाल ने किया। उन्होंने समाज के द्वारा जनकल्याण के लिए किए इस प्रयास की जमकर सराहना की गई। उन्होंने सामाजिक संगठनों से इस भीषण गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए प्याऊ घर खोलने की अपील की। उदघाटन अवसर पर समाज के पूर्व अध्यक्ष मुन्ना दास मानिकपुरी, महंत लीलादास साहेब, पंथ प्रचारक अमरूदास दीवान, रमेश्वर बुनकर, बहोरनदास, केदार महंत आदि का सहयोग रहा।

### डिसमेंटलिंग कार्य सें परिवर्तित चलेगी एसईसीआर की ट्रेनें

**बिलासपुर।** पूर्व मध्य रेलवे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के गया स्टेशन में सीसी अप्रोन के डिसमेंटलिंग कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली ट्रेनों का परिचालन मार्ग परिवर्तित मार्ग से होगा। रेलवे के अनुसार गया स्टेशन में 27 अप्रैल से यह कार्य शुरु कर दिया गया है, जिसे 16 मई तक लाइन नम्बर एक पर ब्लॉक लेकर सीसी अप्रोन के डिसमेंटलिंग का कार्य किया जा रहा है। इसकी वजह से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली गाड़ियां अपने निर्धारित दिवस पर परिवर्तित मार्ग से चलेगी। इन ट्रेनों में 27 अप्रैल से 16 मई तक पटना से चलने वाली 03253 पटना-चर्लपल्ली एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया जटडुमरी, दनियावां बाजार, इसलामपुर, नातेसर, तिलैया, पैमार, बन्धुआ होकर चर्लपल्ली तक जाएगी। 29 अप्रैल से 14 मई तक अपने निर्धारित दिवस में चर्लपल्ली से चलने वाली 03254 चर्लपल्ली-पटना एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बंधुआ, पैमान, तिलैया, नातेसर, इसलामपुर, दनियावां बाजार, जटडुमरी होकर पटना तक, 1 से 14 मई तक चर्लपल्ली से चलने वाली 03255 चर्लपल्ली-पटना एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग व्हाया बंधुआ, पैमार, जटडुमरी होकर पटना तक चलेगी।

### यात्री को किया गया पुस्तक व लैपटॉप वापस

**बिलासपुर।** आरपीएफ ने स्टेशन में भूलवश छूटे हुए बैग को चेक करने के बाद यात्री के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार आरपीएफ के उपनिरीक्षक मोहम्मद एजाज और आरक्षक पी बागेडिया को स्टेशन में पेट्रोलिंग के दौरान एक बैग मिला। जांच करने पर उसके अंदर लैपटॉप और कुछ पुस्तकें रखी हुई मिली। बैग को पोस्ट लाने के बाद दिए गए नम्बर पर जानकारी दी गई। आरपीएफ पोस्ट में बिल्हा निवासी राज शर्मा पिता सीताराम शर्मा 40 साल उपस्थित हुए, जिन्होनें बैग के छूटने की जानकारी दी। सही पहचान होने के बाद आरपीएफ की टीम ने बैग राज शर्मा के सुपुर्द कर दिया है।

**जीर्णोद्धार** पुराने को तोड़कर नया गेट बनाने और पैगोड़ा सहित घास लगाने का काम प्रथम चरण में

# 26 लाख में सुधारी जा रही स्मृति वाटिका, सैलानी ले सकेंगे पिकनिक का आनंद

**बिलासपुर।** जर्जर हो चुकी स्मृति वाटिका को सुधारने के लिए शासन की ओर से वर्तमान में 26 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जिसमें एंट्री गेट को तोड़कर नया बनाने के अलावा पैगोड़ा सहित घास लगाने का काम शुरु कर दिया गया है।

बिलासपुर वन मंडल से कानन पेण्डारी जू और 25 अप्रैल 2002 को बनाई गई स्मृति वाटिका अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व की जिम्मेदारी में आ गया है। वाटिका को बनाने का मुख्य उद्देश्य था कि कानन पेण्डारी जू में भ्रमण के लिए पहुंचने वाले सैलानी वाटिका का भ्रमण कर पिकनिक मना सकें। वाटिका बनने के 6 माह तक भ्रमण करने वाले सैलानियों की काफी भीड़ भी होती थी,



लेकिन धीरे-धीरे सैलानियों का रूझान कम होता गया। वहीं 36 एकड़ की भूमि 20 एकड़ में सिमट गई। वर्तमान में स्मृति वाटिका की स्थिति इतनी अधिक जर्जर हो चुकी है कि चारों ओर खरपतवार के कारण जहरीले जीव जंतुओं के निकलने का खतरा बना रहता है। कई बार यहां सांप भी निकलते हुए देखा जा चुका है। इसे



संवारने के लिए कई बार राशि सेंक्शन हो चुकी है, लेकिन करोड़ों की राशि स्वीकृति के बावजूद काम कुछ भी दिखाई नहीं देता है। हालत यह है कि यहां कुछ माह पहले वाटिका को एक नया स्वरूप देने के लिए काम की शुरुआत की थी। पुराने सरोवर के अलावा दीवार को रंग रौगन करने के साथ, गेट से अंदर प्रवेश करने के रास्ते के बीच में बत्तख और हाथी की मूर्ति बनाई गई थी। इसकी हालत तो काफी खराब हो गई। कुछ दिन पहले यहां स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा विभाग के उच्चाधिकारियों ने भ्रमण करने के दौरान काफी अव्यवस्था को देखा था। जनप्रतिनिधियों के साथ रायपुर से आए पीसीसीएफ व दूसरे अधिकारियों ने स्मृति वाटिका का जीर्णोद्धार करने का आदेश बिलासपुर वन मंडल के अफसरों को दिया था। वन मंडल के अफसरों ने कार्य करने के लिए बजट की मांग कर दी, जिसके बाद प्रथम चरण में 26 लाख रुपए की राशि स्वीकृति के बाद पुराने गेट को तोड़कर नया बनाने का काम, नया घास लगाने व अन्य कार्य किया जा रहा है।

#### पोर्च, पैगोड़ा व पिकनिक स्पॉट

वन विभाग के अफसर स्मृति वाटिका के लिए एक स्तर से प्रोजेक्ट बनाया है। इसमें फूड प्लाजा, काफी हाउस के अलावा बच्चों के खेलने के लिए एक अलग गार्डन, सैलानियों के पिकनिक मनाने के लिए एक अलग जगह, पोर्च, पैगोड़ा व अन्य कार्य किए जाएंगे। वर्तमान में सैलानियों के लिए दो नए पैगोड़ा, खरपतवारों को काटकर नए घास लगाने का काम, पुराने एंट्री गेट को तोड़कर नया बनाने का कार्य शुरु कर दिया गया है।

#### पानी और वाशरूम की समस्या

स्मृति वाटिका में काम किया जा रहा है, जिसमें पैगोड़े की मरम्मत, साफ-सफाई, रंग रौगन व अन्य कार्य भी शामिल है। वाटिका में सबसे अधिक समस्या वाशरूम और पीने के पानी की है। 25 से 30 एकड़ क्षेत्र में फैले वाटिका में लगे पौधों और हरे-भरे पेड़ों के अलावा सैलानियों के पीने के लिए तक पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां केवल दो पंप से ही काम कराया जा रहा है, जिसकी वजह से यहां कार्यरत स्टाफ सहित सैलानी भी प्यासे रहते हैं।

#### किया जा रहा काम

स्मृति वाटिका में नया एंट्री गेट, दो पैगोड़ा, नए घास लगाने का काम किया जा रहा है। यहां साफ सफाई व रंग रौगन का कार्य कराया गया है। वर्तमान में यह सारे कार्य के लिए 26 लाख रुपए की राशि सेंक्शन हुई है। आगे जिस तरह से बजट प्राप्त होगा, उस तरह से काम भी कराया जाएगा ताकि यहां सैलानियों की संख्या बढ़ सके।

**-अनिमेश सिंह,** रेंजर, तखतपुर रेंज

चालकों को दस्तावेज जमा करने 5 मई तक समय

# 10 हजार ई रिक्शे बिगाड़ रहे शहर की ट्रैफिक व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर की सड़कों पर इन दिनों 10 हजार ई रिक्शे दौड़ रहे हैं। चालकों द्वारा बेलगाम तरीके गाड़ी चलाने, सवारी बैठाने, कहीं भी गाड़ी रोक देने, अचानक गाड़ी मोड़ देने से शहर की ट्रैफिक व्यवस्था ध्वस्त हो रही है। अब ट्रैफिक पुलिस ने ई रिक्शा चालकों पर सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। सभी ई रिक्शा चालकों को 5 मई तक यातायात थाने में गाड़ी के दस्तावेज, लाइसेंस जमा करने का समय दिया गया। उसके बाद ट्रैफिक नियम तोड़ने पर सख्ती से कार्रवाई करने की चेतावनी दी गई है।

पिछले दो तीन साल से शहर में ई रिक्शों की बाढ़ आ गई है। नाबालिग, युवा, महिलाएं, युवतियां शहर में ई रिक्शा लेकर निकल रहे हैं और सवारियों बैठाकर आवागमन कर रहे हैं। जानकारी के अनुसार वर्तमान में शहर में 10 हजार से अधिक ई रिक्शा चल रहे हैं। बरसों पुरानी सड़कों पर एकाएक हजारों ई रिक्शा के चलने से शहर में ट्रैफिक का दबाव अधिक बढ़ गया है। चालकों के द्वारा बेलगाम तरीके गाड़ी चलाने से दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ई रिक्शा के अलावा 5 हजार पेट्रोल व डीजल वाहन शहर में दौड़ रहे हैं। ई रिक्शा व आटो वालों पर प्रशासन का कोई भी नियंत्रण नहीं है।



#### ट्रैफिक नियमों का ज्ञान नहीं

ई रिक्शा वाले चालक शहर में गाड़ी चलाते समय ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। ये चलते चलते अचानक कहीं भी सवारी बैठाने के लिए गाड़ी रोक देते हैं। कहीं भी अचानक मोड़ देते हैं, जिससे पीछे चलने वाले वाहन सवार दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। ई रिक्शा को टक्कर लगने पर चालकों के द्वारा वाहन सवारों विवाद किया जाता है। ई रिक्शा व आटो चालक शहर में नो पार्किंग की धज्जियां उड़ा रहे हैं। शहर के सभी चौक चौराहे पर सड़क कतार से आटो खड़ी कर बीच सड़क में खड़े होकर सवारी खोजते रहते हैं।

#### ट्रैफिक पुलिस ने कसा शिंकजा

ट्रैफिक पुलिस ने ई रिक्शा व आटो चालकों को अपने गाड़ी के दस्तावेज, लाइसेंस 5 मई तक यातायात थाने में जमा कराने का निर्देश दिया है। इसके अलावा सभी चालकों अनिवार्य रूप से ड्रेस पहने को कहा गया है। 5 मई के बाद ट्रैफिक पुलिस अभियान चलाकर चालकों के ड्रेस व दस्तावेजों की जांच करेगी। गड़बड़ी पाए जाने पर सीधे प्रकरण बनाकर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

#### होगी कार्रवाई

शहर में 10 हजार से अधिक ई रिक्शा व 5 हजार आटो चल रहे हैं। सभी को 5 मई तक दस्तावेज जमा करने व ड्रेस पहनकर गाड़ी चलाने का आदेश दिया गया है। उसके बाद अभियान चलाकर जांच की जाएगी। नियम तोड़ने पर प्रकरण बनाकर कोर्ट में पेश किया जाएगा।

**-रामगोपाल करियारे**
ट्रैफिक एडीशनल एसपी



## बंद खदानों में मछली पालन का नया प्रयोग

**बिलासपुर।** बंद होकर खाली पड़ी खदानों में मछली पालन कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ता पाने नया प्रयोग किया जा रहा है। इस कड़ी में भदौरा एवं कोसमडीह की दो खदानों को महिला स्व सहायता समूहों को मछली पालन करने के लिए दिया गया है। महिलाएं अब इन खदानों में नई तकनीक का इस्तेमाल करते हुए मछली पालन कर आर्थक रूप से सुदृढ़ हो सकेंगी।

- **भदौरा की बंद खदान मछली पालन के लिए अब महिला समूह को आबंटित**

जिले में बंद खदानों को लेकर एक नया प्रयोग प्रारंभ किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ऐसी खदानें जिनकी लीज अवधि पूरी हो चुकी है और जो विगत लंबे समय से जलभराव के साथ खाली पड़ी हैं। जिला प्रशासन अब इन खदानों में मछली पालन प्रारंभ करने की तैयारी कर रहा है। इसके अंतर्गत मस्तूरी ब्लॉक की दो खदानों भदौरा एवं कोसमडीह में खदानों को महिला स्व सहायता समूहों को मछली पालन के लिए देने की तैयारी चल रही है। भदौरा की खदान को आराधना महिला स्व सहायता समूह को आबंटित भी किया जा चुका है, जहां महिलाएं आधुनित तकनीकी व मत्स्य पालन विभाग की मदद से मछली पालन कर आर्थिक रूप से सुदृढ़ता प्राप्त कर सकेंगी।

#### खनिज विभाग ने दिया एनओसी

खनिज विभाग ने महिला स्व सहायता समूहों को बंद खदानों में मछली पालन करने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रदान किया है। खनिज विभाग ने यह माना है कि चूंकि खदानों की लीज अवधि समाप्त हो चुकी है, लेकिन खदानों में पर्याप्त जलभराव है, जहां मत्स्य पालन किया जा सकता है। खदानों में यदि किसी महिला समूहों के द्वारा मत्स्य पालन किया जाता है कि खनिज विभाग को इसमें कोई आपत्ति नहीं है।

## सीयू ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए बनाई समिति

**बिलासपुर।** गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी में दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण के लिए यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा पांच सदस्यीय एक समिति गठित कर दी गई है। यह समिति कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी सारी कागजी कार्यवाही पूरी करेंगे। वैसे तो 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों का नियमितीकरण का मामला था किन्तु उनमें से अब कम लोग ही कार्यरत रह गए हैं।

- **नियमितीकरण संबंधी सारी कार्यवाही करेगी पांच सदस्यीय समिति**

गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी ने 109 दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण मामले में केन्द्र सरकार के शिक्षा मंत्रालय व यूजीसी को पत्र भी लिखा है, जिसमें इन कर्मचारियों के लिए पद सहित फंड की मांग की गई है। दूसरी तरफ यूनिवर्सिटी ने हाईकोर्ट को कर्मचारियों को नियमित किए जाने की जानकारी भी दी है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट से गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन उपचारात्मक याचिका क्युरटिव पिटीशन खारिज होने के बाद दैनिक वेतनभोगी 109 कर्मचारियों के नियमितीकरण संबंधी न्यायालयों के फैसलों के संबंध में यूनिवर्सिटी ने लिगल ओपिनियन लेने और केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय एवं यूजीसी को पत्र लिखने का निर्णय लिया। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय, यूजीसी से इन कर्मचारियों के लिए पद सहित कर्मचारियों वेतन, देयकों के भुगतान के लिए फंड मांगा गया। वहीं हाईकोर्ट में संबंधी मामले में यूनिवर्सिटी इन कर्मचारियों को नियमित किए जाने की जानकारी दी है। इधर यूनिवर्सिटी ने नियमितीकरण के मामले को लेकर पांच सदस्यीय एक समिति गठित कर दी है। यह समिति इन कर्मचारियों से आवश्यक दस्तावेज मंगाकर सारी कागजी कार्यवाही पूरी करेगी।

#### बनाई गई है समिति

दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के नियमितीकरण मामले में पांच सदस्यीय एक समित बनाई गई है। समिति द्वारा संबंधित कर्मचारियों से आवश्यक दस्तावेज मंगाकर सारी कार्यवाही करेगी।

**-प्रो. अश्वनी दीक्षित**
रजिस्ट्रार, सीयू

## एरीना में बी वॉक कोर्स के नवीन बैचेस में प्रवेश प्रारम्भ, स्कालरशिप 30 तक

**बिलासपुर।** तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल युग में एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स (एवीजीसी) सेक्टर युवाओं के लिए करियर का एक अत्यंत सशक्त और संभावनाओं से भरपूर क्षेत्र बन चुका है। इसी दिशा में एरीना एनीमेशन बिलासपुर द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए बी.वोक (बी.वोक) इन एनीमेशन के नए बैच प्रारंभ किए जा रहे हैं। इस विशेष स्नातक पाठ्यक्रम में इस वर्ष केवल 15 सीट हैं, जिससे प्रत्येक विद्यार्थी को व्यक्तिगत मार्गदर्शन, अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण और इंडस्ट्री-ओरिएंटेड स्किल्स पर गहन फोकस दिया जा सके। पिछले 28 वर्षों से संचालित यह संस्थान बिलासपुर ही नहीं बल्कि पूरे छत्तीसगढ़ के विद्यार्थियों के लिए



एजुकेशन प्लस

एक मजबूत करियर प्लेटफॉर्म के रूप में स्थापित हो चुका है। संस्थान की सबसे बड़ी विशेषता इसकी मजबूत प्लेसमेंट प्रणाली है, जो विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ करियर के ठोस अवसर भी प्रदान करती है। संस्थान द्वारा अपने 28वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में "बर्थडे बून" (बर्थडे बून) नामक एक विशेष योजना भी प्रारंभ की गई है। इस अभिनव योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों को उनके जन्मतिथि के अंकों के कुल योग के आधार पर फीस में आकर्षक स्कॉलरशिप प्रदान की जा रही है, जो विद्यार्थियों के लिए एक अनूठा और प्रेरणादायक अवसर है। सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) के तीव्र विकास ने एवीजीसी सेक्टर को अभूतपूर्व गति दी है। हाल ही में प्रस्तुत बजट में 15,000 स्कूलों और 500 कॉलेजों को उन्नत तकनीकी शिक्षा से जोड़ने की घोषणा इस दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जो आने वाले समय में इस इंडस्ट्री के लिए स्किल्ड मैनपावर तैयार करेगी।

डॉ सीवी रमन विवि में जनजातीय समाज, पर्यावरण एवं विकास पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार

## आदिवासियों की अस्मिता और अस्तित्व की रक्षा के साथ हो उनका विकासः प्रो. सारस्वत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डॉ सीवी रमन विश्वविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया गया । इसका विषय जनजातीय समाज, पर्यावरण एवं विकासः एक बहु-विषयक और अंतर्विषयक विश्लेषण था। दो दिनों तक विषय पर विषय विशेषज्ञों ने विचार मंथन किया।

यह आयोजन डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय, आईसीएसएसआर एवं डिपार्टमेंट ऑफ सोशल साइंस एवं के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया । सेमिनार का उद्देश्य जनजातीय समाज, पर्यावरण एवं विकास के परस्पर संबंधों पर बहु-विषयक एवं अंतर्विषयक दृष्टिकोण से सार्थक विमर्श करना था। इस अवसर पर लगभग 100 शोध-पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 50 से अधिक



शोधार्थियों ने अपने शोध-पत्र प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि पं. सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति प्रो वीके सारस्वत ने कहा कि ऐसे विषयों पर होने वाली चर्चा आगामी पीढ़ियों के लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि आज एक ओर विकास तेजी से हो रहा है, वहीं दूसरी ओर मानसिक तनाव और अवसाद भी बढ़ रहे हैं, जिसका प्रमुख कारण प्रकृति के साथ समन्वय का अभाव है। उन्होंने कहा कि मानव को प्रकृति की रक्षा के लिए भेजा गया था, लेकिन उसने प्रकृति का अत्यधिक दोहन किया है।

#### जनजातीय समाज से सीखने की आवश्यकता

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रमन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. प्रदीप कुमार घोष ने कहा कि जनजातियों के गोत्र और जीवन प्रकृति से गहराई से जुड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि हमें जनजातीय समाज को सिखाने के बजाय उनसे सीखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के विषयों पर शोध करने से नई सोच और दृष्टिकोण विकसित होता है, जो समाज और विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में कुलसचिव डॉ. अरविंद कुमार तिवारी, डॉ. काजल मोइत्रा डॉ. वेद प्रकाश मिश्रा, डॉ. रिचा यादव, डॉ. महेश शुक्ला सहित बड़ी संख्या में शोधार्थी छात्र मौजूद थे।

#### विकास को जीवन के अनुभव के रूप में समझना आवश्यक

समापन सत्र में मुख्य वक्ता अतिरिक्त सचिव छत्तीसगढ़ शासन प्रो रूपेंद्र कवि ने कहा कि सेमिनार केवल विचार प्रस्तुत करने का माध्यम नहीं, बल्कि विचारों के मंथन का एक सशक्त मंच है। उन्होंने बताया कि भारत की जनजातीय आबादी का एक बड़ा हिस्सा छत्तीसगढ़ में निवास करता है, जिससे यह क्षेत्र अध्ययन और नीति-निर्माण की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण बन जाता है। उन्होंने कहा कि विकास को केवल भौतिक या आर्थिक दृष्टि से नहीं, बल्कि जीवन के अनुभव के रूप में समझना आवश्यक है। जनजातीय समाज की पारंपरिक ज्ञान प्रणाली प्रकृति पर आधारित होती है, जो सतत विकास की आधारशिला है। उन्होंने जोर दिया कि पारंपरिक ज्ञान को विकास की प्रक्रिया में शामिल करना चाहिए तथा नीतियां लोगों पर थोपने के बजाय, लोगों के साथ मिलकर बनाई जानी चाहिए।

### ट्रैक रूपांतरण काम 12 घंटे पहले पूरा

**बिलासपुर।** रेलवे ने ट्रैक रूपांतरण का कार्य 12 घंटे पहले ही पूरा कर लिया है। रेलवे के अनुसार एसईसीआर बिलासपुर जोन के गोंदिया स्टेशन पर वॉशेबल एप्रन को बैलेस्टेड ट्रैक में परिवर्तित करने का कार्य किया जा रहा था, जिसके लिए ब्लॉक लेने का आदेश दिया गया। 20 दिनों के ब्लाक के बावजूद ट्रैक रूपांतरण का कार्य 12 घंटे पहले ही पूरा कर लिया गया है। नवीन बैलेस्टेड ट्रैक के चालू होने से वर्तमान गति सीमा 20 किमी प्रति घंटे से बढ़ाकर 30 किम प्रति घंटा किए जाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है, जिससे ट्रेन संचालन अधिक सुरक्षित, सुचारू एवं प्रभावी होगा।

## खबर संक्षेप

### कार ने बाइक को मारी टक्कर, चालक पर जुर्म

**तखतपुर।** कार चालक ने तेजी गति से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दूपहिया वाहन चालक को टक्कर मार दी। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। जानकारी के अनुसार ग्राम सकेरी निवासी विदेश राम मरावी का बड़ा बेटा ओंकार मरावी बहू रूपा मरावी एवं नाती तुषार मरावी उम्र 4 वर्ष को लेकर मोटर सायकल क्रमांक सीजी 10 एयू 4415 से घर से ग्राम भौंराकछार रिश्तेदारी में जा रहा था। दिन करीब 2.30 बजे मेन रोड बांधा बघेल के घर के पास पहुंचा था कि बिलासपुर तरफ से आ रही स्वीफ्ट कार क्रमांक सीजी 28 एन 4729 का चालक अपनी कार को तेज गति एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार कर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे मेरा बेटा बहू व नाती मोटर सायकल से नीचे गिर गए। गिरने से मेरे बेटे ओंकार मरावी के माथा एवं पैर तथा मेरी बहू रूपा मरावी के सिर में एवं अन्य जगह चोट लगा है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 281, 125(ए) **BNS** के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### अपहरण व दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार

**जरहागांव।** स्थानीय पुलिस ने नाबालिग का अपहरण व दुष्कर्म के मामले में लंबे समय से फरार स्थायी वारंटी आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 26 सितंबर 2024 को ग्राम छोटे बरेला की एक नाबालिग बच्ची को आरोपी रूपेश उर्फ पप्पू निर्मलकर बहला-फुसलाकर अपने साथ भगा ले गया था। परिजनों की शिकायत पर जरहागांव थाना में धारा 137(2), 65(1) बीएनएस तथा 4, 6 पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि आरोपी ने शादी का झांसा देकर मासूम को अपने जाल में फंसाया और उसे हैदराबाद ले जाकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने पीड़िता के बयान, मेडिकल रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मजबूत केस तैयार किया। आरोपी के खिलाफ स्थायी वारंट जारी किया गया था। साथ ही उसकी गिरफ्तारी पर 5 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था। आखिरकार 26 अप्रैल को पुलिस ने तखतपुर के टिकरीपारा में दबिश देकर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### बंधवा आवासीय विद्यालय में रोजगार मेला 28 को

**मुंगेली।** पीएम श्री एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय बंधवा में 28 अप्रैल को राष्ट्रीय आदिवासी छात्र शिक्षा समिति नई दिल्ली एवं टाटा मोटर्स द्वारा संचालित कौशल कार्यक्रम के अंतर्गत एकलव्य विद्यालयों से 12वीं उत्तीर्ण विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय रोजगार मेला आयोजित किया जाएगा। विद्यालय प्रशासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार, छत्तीसगढ़ राज्य में संचालित एकलव्य विद्यालयों के विद्यार्थियों को सुबह 9 बजे तक निर्धारित स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है। इस रोजगार मेले का उद्देश्य कक्षा 12वीं उत्तीर्ण युवाओं को रोजगार एवं कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराना है। इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को आधार कार्ड, 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची, पासपोर्ट साइज फोटो सहित अन्य आवश्यक दस्तावेज साथ लाना अनिवार्य किया गया है। जिन छात्रों का 12वीं का परिणाम घोषित नहीं हुआ है, वे विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर सकते हैं।

### निधन

**विनोद यादव**



**तखतपुर।** मोहनभाटा निवासी विनोद यादव 49 वर्ष का 26 अप्रैल को निधन हो गया। वे गोपाल यादव, राजेश यादव के भाई एवं अर्जून, सिद्धार्थ, मानव, श्यामा के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार गृहग्राम मोहनभाटा में किया गया।

## नगर के मोहल्लों में पेयजल के लिए हाहाकार

# पानी की एक-एक बूंद के लिए जूझ रहे मुंगेलीवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

भीषण गर्मी के बीच जहां एक ओर पूरे प्रदेश में जल संकट से निपटने के लिए प्रशासन युद्ध स्तर पर काम करने का दावा कर रहा है। वहीं शहर की तस्वीर बिल्कुल उलट नजर आ रही है। नगर पालिका की पूर्व तैयारी नहीं रहने के चलते आम नागरिकों को पानी की एक-एक बूंद के लिए जूझना पड़ रहा है। हालात इतने खराब हैं कि कई मोहल्लों में पानी के लिए हाहाकार मचा हुआ है और लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है।

गौरतलब है कि 9 अप्रैल को नगर पालिका परिषद की बैठक में पार्षदों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया था कि खराब और बार-बार बिगड़ने वाले पुराने पंपों को बदलकर नए पंप लगाए जाएं, ताकि भीषण गर्मी में आम जनता के लिए जल आपूर्ति सुचारु बनी रहे। लेकिन यह प्रस्ताव भी अन्य योजनाओं की तरह सिर्फ कागजों तक ही सीमित रह गया।

पुराना बोर परेशानी का सबब - राजेंद्र वार्ड और विवेकानंद वार्ड के अंतर्गत राकेश जोशी के घर के सामने स्थित बोर पंप से सारथीपारा, पटवापारा और देवांगन पारा में पानी की आपूर्ति होती थी।लेकिन पिछले 2-3 महीनों से बोर का जलस्तर गिरने और उसके धंस जाने के कारण पानी की सप्लाई पूरी तरह ठप हो गई है। कई बार मरम्मत के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है, लेकिन नया बोर करवाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया।



कागजों में सीमित रह गई नए पंप लगाने की योजना

नहीं भर पा रहीं टंकियां- बोर खराब होने के बाद बलानी चौक से पाइपलाइन के जरिए पानी की सप्लाई का अस्थायी समाधान किया गया। लेकिन पहले से ही कई मोहल्लों को पानी देने वाले इस स्रोत पर अतिरिक्त भार पड़ने से अब स्थिति और बिगड़ गई है। नतीजा यह है कि सभी क्षेत्रों में पानी का दबाव बेहद कम हो गया है, एक बाल्टी पानी भरने में आधा घंटा लग रहा है। कई घरों की टंकियां तक नहीं भर पा रही हैं।

### गंदा व दूषित पानी का खतरा

जो पानी आ भी रहा है, वह बेहद गंदा, रेतीला और दूषित है। इससे लोगों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर खतरा मंडरा रहा है। नागरिकों का कहना है कि यह सीधे तौर पर स्वास्थ्य से खिलवाड़ है। स्थानीय निवासी ने बताया कि पिछले एक महीने से पानी की समस्या बनी हुई है। उन्होंने कई बार नगर पालिका और पार्षद से शिकायत कि, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। वहीं विवेकानंद वार्ड के लोगो का कहना है कि यह बोर कई बार खराब हो चुका है और अब पूरी तरह धंस चुका है, जिससे समस्या और बढ़ गई है, लोग दूर-दूर से पानी लाने को मजबूर हैं।

### आदेशों की अनदेखी, जिम्मेदार कौन

कलेक्टर कुंदन कुमार द्वारा ग्रीष्मकाल से पहले जल संकट को लेकर समीक्षा बैठक में स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि सभी जल स्रोतों और पाइपलाइनों को दुरुस्त किया जाए। साथ ही उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने भी प्रदेश में जल आपूर्ति को लेकर सख्त निर्देश जारी किए थे। इसके बावजूद नगर पालिका इन आदेशों को नजर अंदाज करती दिख रही है। पाइप लाइन बिछाने के लिये टेंडर लगने के बाद भी आपसी खींचतान के चलते नगर पालिका द्वारा टेंडर निरस्त कर दिया गया है। जिससे पानी आपूर्ति प्रभावित हो रहा है। कई वार्डो में बोर खनन के बाद भी पाइप लाइन से नही जोड़ने के कारण वार्डवासियों को पानी के लिये तरसना पड़ रहा है।

### नागरिकों में आक्रोश

लगातार बिगड़ती स्थिति के चलते वार्डवासियों में भारी नाराजगी है। लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द नया बोर खनन कराया जाए और जल आपूर्ति व्यवस्था को दुरुस्त किया जाए,ताकि इस भीषण गर्मी में उन्हें राहत मिल सके।



## ग्राम भरारी में भागवत कथा का विश्राम

मल्हार। ग्राम भरारी में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ पूर्णाहुति वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ शनिवार को हुई।

आचार्य पंडित प्रदीप मिश्रा ने गीता पाठ, तुलसी वर्षा, हवन, पूर्ण आहुति, धर्म ध्वज की स्थापना कर, सहस्त्रधारा का कार्य पूर्ण विधि विधान के साथ सम्पन्न कराया। कथा में शामिल सभी संगीतकारों को ग्रामवासियों ने सम्मानित किय। इससे पहले शुक्रवार को अंतिम दिवस की कथा में व्यास आचार्य विदुषी प्रज्ञा व पंकजा दीदी ने सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष का अत्यंत ही मार्मिक वर्णन करते हुए श्रद्धालुओ को भाव विभोर कर दिया। हनुमान मंदिर परिसर में प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी केशवानंद महराज की पुण्यतिथि पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें भरारी सहित पड़ोसी ग्राम के भक्त प्रसाद ग्रहण कर किया।

## लखराम में बह रही भागवत कथा की गंगा



**लखराम।** ग्राम पंचायत लखराम में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 23 अप्रैल से 1 मई तक किया जा रहा है।

परायण कर्ता पंडित अक्षत पाण्डेय, कथा व्यास पंडित सुरेन्द्र दुबे लखराम वाले हैं। सरपंच रुक्मणी साहू द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन बस स्टैंड में किया जा रहा है। नौ दिवसीय ज्ञान यज्ञ, जो आमतौर पर कलश यात्रा से शुरू होकर जलधारा भंडारे के साथ संपन्न होगा। कथा का उद्देश्य समाज में सात्विक, सामाजिक और धार्मिक संस्कारों को मजबूत करना है। द्वितीय दिन व्यास नारद संवाद, परीक्षित जन्म, शुकदेव का आगमन, तृतीय दिवस सती चरित्र, ध्रुव चरित्र भगवान के 24 अवतारों का संक्षिप्त वर्णन, विदुर चरित्र, चतुर्थ दिन जड़ भरत कथा, प्रहलाद चरित्र कि कथा सुनाई गई। इस मौके पर रामलाल साहू, राकेश मंजू साहू, उत्तम यादव, संजय देवांगन, दुर्गा केवट, धनंजय साहू , जागेश्वर कुंभकार, सूरज देवांगन, योगेश दुबे, गोवर्धन, दीनदयाल यादव, संतोष, छोटे लाल, आशीष, अशोक कुमार साहू, बलराम, रामू, शेखर, रवि, उमेश, शशि भूषण काछी, मनहरण, सुशील कुंभकार प्रभात फेरी के समस्त कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद थे।

## खम्हरिया मुक्तिधाम में शेड नहीं खुले में हो रहा अंतिम संस्कार

**तखतपुर।** हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं और हर नेता अपने भाषण में विकास का बिगुल बजाता है पर जमीनी हकीकत वास्तव में कुछ और है। विकासखण्ड का ग्राम खम्हरिया एक ऐसा गांव है जहां एक श्मशान घाट नहीं है। गांव में किसी की मृत्यु हो और दुर्भाग्य से यदि उस दिन पानी गिर जाए तो भीगते पानी में ही अंतिम संस्कार करना ग्रामीणों की मजबूरी है और सोमवार को भी ऐसा ही वाक्या हुआ।



विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम खम्हरिया मुख्यालय से 11 किलोमीटर दूर तखतपुर बिलासपुर मुख्य मार्ग पर स्थित है। यहां सरकार ने अच्छे स्कूल, पंचायत भवन, आंगनबाड़ी भवन सहित अन्य सुविधाएं तो दी है पर इस गांव में आज तक श्मशान घाट में मृतक के परिजन के बैठने के लिए शेड नहीं बन पाया है। सोमवार को ग्राम पंचायत खम्हारिया निवासी जतीराम यादव (भुरवा) पिता बिसाहू राम यादव की मृत्यु 27 अप्रैल को 77 वर्ष की आयु में हो जाने के कारण गांव के श्मशान घाट में ले जाया गया। जैसे ही अंतिम संस्कार की प्रक्रिया चल रही थी। तभी अचानक से बारिश शुरू हो गई और खुले में हो रहे अंतिम संस्कार करना पड़ा। परिजन और गांव वाले बारिश में इधर उधर भाग रहे थे। जब कुछ परिजन पेड़ के नीचे खड़े हो गए तो बुजुर्गों ने शोकाकुल परिवार को पेड़ के नीचे खड़े होने के लिए मना किया क्योंकि बिजली कड़क रही थी बिजली गिरने से और कोई भी घटना घट जाती जिसके चलते परिजन पानी में ही भीगते रहे।

## सड़क निर्माण को लेकर प्रशासन एवं व्यापारी महासंघ की बैठक

**तखतपुर।** नगर में प्रस्तावित स्टेट हाइवे 130 ए के मोढ़े मोड़ से बरेला पुल तक व शहर के अंदर की सड़क निर्माण को लेकर सोमवार को प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम नितिन तिवारी तहसीलदार शशांक शेखर शुक्ला एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी अमरेश सिंह के साथ व्यापारिक महासंघ के सदस्यों की बैठक एसडीएम कार्यालय में आयोजित की गई।

बैठक में एसडीएम नितिन तिवारी ने व्यापारियों से सड़क निर्माण में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने बताया कि शासन से प्राप्त निर्देश के अनुसार दोनों ओर 40 फीट तक निर्माण कार्य किया जाना है। अतः सभी व्यापारी इस हिसाब से अपनी व्यवस्था बनाएं और किए गए अतिक्रमण को शीघ्र ही खाली कर दें। सभी व्यापारियों से उन्होंने अपना सामान 40 फ़ीट की सीमा के अंदर रखें। सहयोग न देने पर शासन द्वारा नोटिस एवं सामान जब्ती की कार्यवाही की जाएगी। एक-दो दिन पश्चात नाप किया जाएगा एवं चिन्हित स्थान से बाहर सामान निकालने पर कार्रवाई एवं जुर्माना किया जाएगा तथा जप्त किया गया सामान किसी भी स्थिति में वापस नहीं किया जाएगा साथ ही इस संबंध में किसी भी तरह का राजनीतिक दबाव स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने कल से सभी व्यापारियों से अपना सामान सीमा में रखने और सड़क को खाली करने का आग्रह किया।



### 35 फीट तक निर्माण की मांग

बैठक के दौरान व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष राजा ठाकुर, अजय देवांगन, सुदीप गोयल ने व्यापारियों की ओर से अपनी मांग रखी कि सड़क निर्माण 35 फीट तक किया जाए जिस हेतु सभी व्यापारी सहयोग करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि बीच सड़क पर बने डिवाइडर से नाप जोख की स्थिति में सभी के हितों का ध्यान रखा जाए एवं 35 फीट तक सड़क निर्माण किया जाए। इस पर एसडीएम ने कहा कि इस हेतु वे उच्च अधिकारियों से बात करेंगे व प्राप्त निर्देशों के अनुसार कार्य करेंगे, यदि वहां से सहमति मिलती है तो यह स्वीकार होगा अन्यथा व्यापारी 40 फीट का ही मन बनाकर रखें। बैठक में बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित थे। बैठक में यह बताया गया कि एक दो दिन पश्चात नाप कर दूरी चिन्हित की जाएगी एवं इसके पश्चात नोटिस दिया जाएगा। नोटिस में दिए गए निश्चित समय पर व्यापारी अपना अतिक्रमण हटा लेवे उसके पश्चात शासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी।

## दान की जमीन के दुरुपयोग का मामला, शिक्षा विभाग चल रहा नौ दिन अढ़ाई कोस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सकरी

शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए क्षेत्र के कई दानवीरों ने वर्षों पहले अपनी कीमती जमीनें स्कूलों के नाम कर दी थी ताकि आने वाली पीढ़ियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिल सके लेकिन विडंबना यह है कि जिस उद्देश्य से ये जमीनें दान की गई थी आज वही उद्देश्य कहीं खोता नजर आ रहा है।

रसूखदार लोग शिक्षकों के साथ मिलकर इन जमीनों का उपयोग कर इससे अर्जित राशि का बंदरबाट करने से नहीं चूक रहे हैं। मामला तखतपुर विकासखंड के ग्राम सागर का है। यहां जनपद उपाध्यक्ष राकेश तिवारी अध्यक्ष शिक्षा समिति तखतपुर ने विकासखंड शिक्षा अधिकारी से शिकायत कर सागर में 1994 में प्राथमिक विद्यालय को दान में मिली जमीन से अर्जित राशि के दुरुपयोग एवं गैर शैक्षणिक कार्यों में खर्चे का आरोप लगाते हुए जांच के लिए निर्देशित किया था जिसके बाद बी ई ओ ने 5 सदस्यीय टीम गठित कर जांच कराई जिसमें कार्रवाई रजिस्टर के अवलोकन पर विभिन्न अनियमितताएं पाई गई। जिसमें गांव के एक रसूखदार द्वारा अनियमितता करना पाया गया।

उल्लेखनीय हो कि जांच अधिकारियों ने अपना जांच प्रतिवेदन 9 फरवरी को विकासखंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा था इसके तीन माह बाद 17 अप्रैल को प्रधान पाठक के पद पर कार्यरत दुखु राम श्रीवास, दुखीत राम सोनवानी, दुखीत राम बघेल, दिनेश कुमार खरे, मनोज कुमार कौशिक, रवि शंकर कौशिक को नोटिस जारी किया। नोटिस में सभी 6 प्रधान पाठकों को कहा गया है कि दान के जमीन से प्राप्त आय का विद्यालय हित में उपयोग करने का किसी भी प्रकार का रिकॉर्ड प्रस्तुत नहीं किया गया है। सात दिवस के अंदर अपने अपने कार्यकाल के आय व्यय की जानकारी देते हुए अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करें समय सीमा में जवाब नहीं मिलने पर अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए उच्च कार्यालय को पत्र प्रस्तुत किया जाएगा।

**खास बात**
- जांच प्रतिवेदन के तीन माह बाद 6 शिक्षकों को नोटिस जारी

### होगी कड़ी कार्रवाई

शिकायत पर जांच कराई गई थी। जांच प्रतिवेदन में आए तथ्यों के आधार पर पूर्व के 6 प्रधान पाठकों को नोटिस जारी किया गया है अभी तक जवाब प्राप्त नहीं हुआ है। अनिल कौशिक का नाम त्रुटिवश छूट गया है। प्रधान पाठकों के जवाब उपरांत मामले में कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

**-कामेश बैरागी,**
विकास खंड शिक्षा अधिकारी,
तखतपुर।

---

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क/अति.तह./वाचक/2026
बिलासपुर, दिनांक 23/4/2026
रा.प्र.क्र ..../अ-6/2025-26
ग्राम-सरकंडा, प.ह.नं.-32

एतद्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सरकंडा, प.ह.नं. 32 रा.नि.मं. सरकंडा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) के आम जनता को सूचित किया जाता है कि मौजा सरकंडा, प.ह.नं. 32, रा.नि.मं. सरकंडा, तहसील बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नं. 1151/1 रकबा 0.0080 हेक्टेयर को आवेदिका श्रीमती संतोषी बाई जायसवाल पति स्व. श्री मुन्ना जायसवाल निवासी वार्ड नं. 44 गली नं. 1 जबड़ापारा सरकंडा तहसील व, जिला बिलासपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय मे छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत खातेदार के फौत होने पर आवेदिका के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति/ दावा हो तो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 7/5/2026 समय 11:00 बजे उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकता है। सुनवाई तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 22/04/2026

ग्राम लिगियाडीह के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के पत्र क्र. 2430/ एफ-4/ सात-/2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.2020 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदक श्री राजू पटेल पिता श्री श्यामजी भाई पटेल निवासी नेहरू नगर बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ की स्वयं की भूमि मौजा लिगियाडीह प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 69/2, 69/5 रकबा 0.50, 0.50 एकड़ भूमि सभी खसरा नंबर को एकीकृत करने हेतु आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा सहित प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति/संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 05/05/2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनॉक 22/04/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक कोनी तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ज्ञापन**
क्रमांक / कार्यालय/रा0नि0/क्यू0/20
कोनी / दिनांकः 20/04/2026

1. प्रभात सिंह 2.रवि शुक्ला 3. नरोत्तमदास 4.कमाण्डर प्रभात कुमार 5. अजय पाण्डे

**विषयः-**सीमाकंन में उपस्थित होने बाबत सूचना पत्र।

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि ग्राम पेण्डरवा प0ह0नं0.20 राजस्व निरीक्षक मंडल-कोनी तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूखण्ड खसरा नम्बर 460, 461, 462, 459, 367, 368 रकबा क्रमशः 10.23 ए. के सीमांकन हेतु छ0ग0 भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत तहसीलदार बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

संदर्भित आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 06.05.26 को समय 11.00 से 5.00 बजे के किया जाना है अतः आप दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**कोनी**
**तहसील - बिलासपुर**

---

**न्यायालय नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ0ग0)**
**नोटिस / विज्ञप्ति**
रा.प्र.क्र.202512074700040/
अ-6/2025-26
पक्षकार :- डा.गिरीश कुमार पाण्डेय
पिता स्व. रामकृष्ण पाण्डेय वगैरह
.....आवेदकगण
बनाम
अभिषेक पाण्डेय पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय
....अनावेदक

एतद् द्वारा अनावेदक अभिषेक पाण्डेय पिता कृष्ण कुमार पाण्डेय निवासी राजेन्द्र नगर चौक बिलासपुर हाल मुकाम पोददार इंटरनेशनल स्कूल छिंदवाड़ा नागपुर रोड इमलीखेड़ा चौक छिंदवाड़ा म0प्र0 को सूचित किया जाता है कि मोहल्ला चांटापारा स्थित शीट नंबर-02 प्लाट नं. 31/20 रकबा 6000 वर्गफीट भूमि स्थित है। जो वर्तमान में नजूल अभिलेख में आपके एवं आवेदकगण के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि को आवेदकगण के द्वारा मौखिक बंटवारा का यादाश्तनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो वर्तमान में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में आपको या आपके विधिक वारिसान को कोई आपत्ति हो तो वे आगामी पेशी दिनांक 6/5/2026 को न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त आपत्ति / दावा विचारणीय नही होगा।

आज दिनांक 8/4/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**नजूल अधिकारी**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क /वाचक/अति-कले/2026
बिलासपुर, दिनांक 24.04.2026

आवेदक श्री आशिष कुमार आत्मज श्री दीलीप कुमार पालेकर उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम पो. सेमरी थाना रतनपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

एवं

आवेदिका कुमारी ज्योति सूर्यवंशी आत्मजा स्व. त्रिलोचन माता श्रीमती मालती उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम गुड़ी थाना व तहसील सीपत जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति / दावा इस कार्यालय में दिनॉक 28.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


आशिष कुमार


कुमारी ज्योति सूर्यवंशी

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर छ.ग.**

---

**न्यायालय अतिरिक्त कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)**
**विवाह सूचना का प्रकाशन**
क्रमांक क/ / वाचक/अति-कले/2026,
बिलासपुर, दिनाँक 24-04-2026

आवेदक श्री श्रीकांत पालेकर आत्मज श्री दीलीप कुमार पालेकर उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम सेमरी पो. सिंघरी थाना रतनपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

एवं

आवेदिका कुमारी नंदनी आत्मजा श्री राज कुमार उम्र 27 वर्ष निवासी ग्राम सीपत थाना व तहसील सीपत जिला बिलासपुर छ.ग.

द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-5 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना का प्रकाशन सर्व साधारण के लिए दैनिक समाचार पत्र में किया जाता है। इस विवाह के संबंध में यदि कोई आपत्ति या दावा हो तो अपनी आपत्ति/दावा इस कार्यालय में दिनॉक 28.05.2026 को प्रातः 11:00 बजे प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति / दावा पर कोई विचार करना संभव नहीं होगा।


श्रीकांत पालेकर


कुमारी नंदनी

**विवाह अधिकारी**
**बिलासपुर छ.ग.**

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला-बिलासपुर (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**
क्रमांक/क/तह./वा./2026
बिलासपुर, दिनांक 22/04/2026

ग्राम मोपका के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन नया रायपुर अटल नगर के पत्र क्र. 2430/एफ-4/सात- / 2020 नया रायपुर अटल नगर दिनांक 13.08.2020 के अनुसार आपस में संलग्न खसरा नम्बर की भूमि के साथ नक्शा को सम्मिलित किये जाने हेतु आवेदक मेसर्स स्काई लाईन ईन्फ्राटेच बिलासपुर द्वारा अधिकृत भागीदार श्री संदीप वर्मा पिता श्री संतोष कुमार वर्मा निवासी मोहन्ती विद्यालय के पास ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छत्तीसगढ़ की स्वयं की भूमि मौजा मोपका प.ह.नं.29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. में स्थित खसरा नंबर 1755/2, 1755/5, 1756/2, 1756/5,1755/6, 1756/3, 1756/4, 1756/6, 1757/3, कुल रकबा 0.8281 हेक्टेयर भूमि सभी खसरा नंबर को एकीकृत करने हेतु आवेदन पत्र, बी-1, खसरा, नक्शा सहित प्रस्तुत किया है।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनाँक 05/05/2026 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 22/04/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर छ.ग.)**

---

**कार्यालय छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल प्रक्षेत्र बिलासपुर**
**आम-सूचना**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल सामान्य आवास योजना पं दीनदयाल नगर देवरीखुर्द, बिलासपुर में निर्मित भवन क्रमांक एल आई जी 234/A, मूल आबंटी श्रीमती नमिता बोस पति श्री एन के बोस, को स्व-वित्तीय आधार पर आबंटित भवन का विक्रय विलेख दिनांक 09.11.2006 को पंजीकृत किया गया है। मूल आबंटी उक्त भवन को द्वितीय क्रेता श्री सुजीत कुमार पिता श्री दिलीप कुमार, को विक्रय करना चाहता है। विक्रय अनुमति हेतु हेतु इस कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

यदि किसी व्यक्ति / शासकीय/ अर्द्धशासकीय / वित्तीय संस्था / बैंक इत्यादि को उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिन के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें। बाद में आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**प्रक्षेत्र-बिलासपुर**

---

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, Shivam Gupta S/O Surendra Gupta Resident of H. No. 199, Ward No. 07, Mangal Pandey Ward Marwahi Dist Gaurela-Pendra-Marwahi (C.G.) 495118 have changed my old name Shivam Gupta S/O Surendra Kumar Gupta should be so in future I recognized by my new name that is Shivam Gupta S/O Surendra Kumar Gupta in all Government and other documents.

**Shivam Gupta**
**Add. : H. No. 199, Ward No. 07, Mangal Pandey Ward Marwahi Dist Gaurela-Pendra-Marwahi (C.G.) 495118**

---

**न्यायालयः- श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी प्रधान जिला न्यायाधीश मुंगेली जिला मुंगेली (छ.ग.)**

मनोज कुमार पाठक..... अपीलार्थीगण
बनाम
पंजाब नेशनल बैंक वगैरह........
उत्तरवादीगण
अपील प्रकरण कमाक- 10 ए/2026
पेशी तारीख- 15/05/2026
प्रोसेस क्रमांक- 778/26
प्रति, आम जनता।

**समंस/नोटिस**

इस न्यायालय में अपीलार्थीगण द्वारा आम जनता जो इस प्रकरण से सबंधित हैं के विरूद्ध अपील अतर्गत आदेश 41 नियम 1 सहपठित धारा 96 व्य.प्र.सं. के तहत प्रस्तुत किया गया है जिसमें पेशी दिनांक 15.05.2026 को नियत है।

अतः आप उत्तरवादी क्रमांक 02 स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी उक्त पेशी दिनांक 15.05.2026 को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जायेंगी।

यह आज दिनांक 25.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

(श्रीमती गिरिजा देवी मेरावी)
प्रधान जिला न्यायाधीश मुंगेली,
जिला मुंगेली (छ.ग.)

---

**कार्यालय कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी, मुंगेली (छत्तीसगढ़)**
**ईश्तहार**
क्रमांक 2321/वा./वि.अ./2026
मुंगेली, दिनांक 13/04/2026

आवेदक श्री रवि कुमार टंडन पिता श्री अश्वनी टंडन, जाति-समनामी, उम्र 24 वर्ष, निवासी ग्राम खरसोला, तहसील सरगांव, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एवं

आवेदिका संजना मानिकपुरी आ. सोनदास मानिकपुरी जाति-पनिका, उम्र 21 वर्ष, निवासी तुरवारी, तहसील लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)

एतद् द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा-05 के तहत सूचना पत्र प्रस्तुत किया गया है। अतः प्राप्त सूचना प्रकाशन सर्व साधारण के लिए किया जाता है। इस विवाह पर यदि किसी प्रकार का कोई आपत्ति/दावा हो तो दिनांक 13.05.2026 को समय 03:00 बजे मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति/दावा पेश कर सकते है। निर्धारित तिथि पश्चात प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार करना संभव नही होगा।

**अतिरिक्त कलेक्टर**
**एवं विवाह अधिकारी,**
**जिला-मुंगेली (छत्तीसगढ़)**

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**
**ईश्तहार**
मा0क्र0/ 2025-26,
ग्राम देवरीकला, तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम देवरीकला प0ह0न0 47 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर को सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप कुमार कौशिक पिता मनराखन लाल कौशिक निवासी पोड़ी तहसील सकरी जिला बिलासपुर के द्वारा लेख किया है कि मौजा देवरीकला प0ह0नं0 47 रा0नि0म0 पेण्डारी तहसील सकरी, जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 79/1 रकबा 0.1460 हे. कृषि भूमि क्रमशः लालाराम कौशिक, अशोक कुमार कौशिक, दिलीप कुमार कौशिक आत्मज स्व. मनराखन लाल कौशिक के नाम में दर्ज है। उक्त कृषि भूमि को लालाराम कौशिक एवं श्री अशोक कुमार कौशिक द्वारा लिखित में आपसी सहमति पत्र के आधार पर आवेदक दिलीप कुमार कौशिक को दिया गया है। अतः उक्त कृषि भूमि को आवेदक के नाम समस्त राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 06/05/ 2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 20/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**सकरी**

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

# हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, मंगलवार 28 अप्रैल 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255




उपलब्धि

## शास्त्रीय संगीत में छात्रवृत्ति के लिए वंदिता चयनित



**बिलासपुर।** शहर की बेटी वंदिता साहू मात्र 13 वर्ष की आयु में भारत सरकार द्वारा शास्त्रीय संगीत में छात्रवृत्ति के लिए चयनित की गई है। उनकी उत्कृष्ट उपलब्धियों के लिए उन्हें "छत्तीसगढ़ रत्न सम्मान" सहित अनेक प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। वंदिता बचपन से ही संगीत के प्रति विशेष रुचि रखती हैं। उन्होंने केवल 3 वर्ष की उम्र से ही संगीत साधना शुरू कर दी थी। वर्तमान में वे शास्त्रीय संगीत की शिक्षा पुष्पा शर्मा एवं डॉ राजकुमार शर्मा से प्राप्त कर रही है। परिजनों ने बताया कि वंदिता ने महज 7 वर्ष की उम्र से ही सुंदरानी फिल्म्स के साथ एलबम गीत गाना शुरू कर दिया था। वह 70 से अधिक एलबम गीतों में अपनी आवाज दे चुकी है। शास्त्रीय संगीत के साथ ही छत्तीसगढ़ी एवं अन्य प्रादेशिक भाषाओं में भी वह गायन करती है। अभी तक छत्तीसगढ़ के अलावा हैदराबाद, कोलकाता और चेन्नई में भी अपनी प्रस्तुति दे चुकी है।

प्रतिभा

## बाल कलाकार ने मधुबनी पेंटिंग्स की लगाई प्रदर्शनी



**बिलासपुर।** जेपी हाइट्स शुभम विहार कॉलोनी में एक अनूठी पेंटिंग प्रदर्शनी सह बिक्री का सफल आयोजन 11 वर्षीय बाल कलाकार आरवी पोरवाल, पुत्री अमित पोरवाल ने किया। आरवी कक्षा 6वीं की छात्रा और केंद्रीय विद्यालय भरनी में अध्ययनरत है। प्रदर्शनी में आरवी ने पिछले 4-5 महीनों में बनाई गई कुल 25 मधुबनी पेंटिंग्स को प्रदर्शित की। इस पेंटिंग्स में पारंपरिक मधुबनी कला की सुंदर झलक के साथ ही रंगों का आकर्षक संयोजन देखने को मिला। जिसने दर्शकों का मन मोह लिया।

सम्मान

## लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल को मिले 13 अवार्ड



**बिलासपुर।** लायंस क्लब बिलासपुर स्माइल को 13 अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि विजय अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि रिपुदमनपुसरी एवं पवन मलिक रहे। जसपाल होरा, प्रीतिपाल बाली, दिलीप भंडारी, डॉ आराधना दास, अर्चना तिवारी, नितिन सलूजा उपस्थित रहे। बी महेश कुमार एवं विजय अग्रवाल द्वारा कॉन्फ्रेंस में स्माइल क्लब की अध्यक्ष रीता राजगीर को स्पेशल इंस्पिरेशन अवार्ड, सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष अवॉर्ड, सर्वश्रेष्ठ मानवता अवार्ड, सर्वश्रेष्ठ रोड सेफ्टी कैंपिन, महिला सशक्तिकरण अवार्ड,सम्मानित किया गया। डॉक्टर सुरभि राजगीर को सर्वश्रेष्ठ माइक्रो चेयरपर्सन अवॉर्ड, एक्सीलेंट सचिव अवार्ड, श्रेष्ठ मीडिया रिपोर्टिंग अवॉर्ड श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष दीप्ति साहू , आत्मीय सम्मान डॉ सविता पांडे, सुनीता विश्वकर्मा, लक्ष्मी निर्मलकर, सीमा श्रीवास्तव को दिया गया। इस तरह से स्माइल को 13 अवार्ड से सम्मानित किया गया। स्माइल की सदस्य ज्योति नामदेव, कामिनी स्वर्णकार, निशा सक्सेना, अलका नामदेव आदि मौजूद थे।

# टैरिस गार्डन की हरियाली गर्मी में दे रही सुकून

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

**आज प्रकृति प्रेमी व्यक्ति कम जगह में भी टेरेस गार्डन विकसित कर अपना शौक पूरा कर रहे हैं। शहर के सांई विहार उसलापुर निवासी हरिहर प्रसाद शर्मा अपने नाम के अनुरूप बागवानी में काफी रूचि रखते हैं और अपने घर के तीनों फलोर में खुद की मेहनत से टेरेस गार्डन लगाए हुए हैं। उनका मानना है कि यह गार्डन भीषण गर्मी में भी काफी सुकून देता है। घर का टेम्प्रेचर एकदम कम रहता है।**

सीएसईबी के सेवानिवृत्त इंजीनियर श्री शर्मा ने बताया कि गांव में उनकी खेती, बाड़ी होने से वे बचपन में पिताजी के साथ काम में लगे रहते थे। इससे उनकी बागवानी के प्रति रूचि बढ़ती गई। अपनी इस रूचि के चलते वे जहां भी पदस्थ रहे गार्डन पर उनका विशेष ध्यान रहा। सेवानिवृत्ति के बाद अब अपने घर के ग्राउण्ड फ्लोर में 10 बाई 3, छत में 40 बाई 3, दो जगह 15 बाई 15 में टेरेस गार्डन लगाया है।

इसमें मधु कामिनी, विविध कलरों में गुलाब, गुड़हल, पुदीना, नींबू सहित कई तरह के दुर्लभ फूल, औषधि पौधे, शो पत्ती जो गर्मी में भी हरा-भरा रहता है, लगाए हैं। इस हरियाली को देख कर मन शांत व सुकून से भरा रहता है। घर का टेम्प्रेचर कम होने से गर्मी से भी राहत मिलती है। घर की शोभा भी बनी रहती है। उनका कहना है कि घर की छत, बालकनी या ऊपरी खुले स्थान पर गमलों, क्यारियों में पौधे, फल-सब्जियां और फूल उगाने की एक आधुनिक बागवानी तकनीक है। यह सीमित जगह में ताज़ी उपज पाने, घर को ठंडा रखने और हरियाली बढ़ाने का एक बेहतरीन तरीका है।

### सेवानिवृत्त इंजीनियर के घर हर फ्लोर में बागवानी की झलक





### हैं कई फायदे

प्रकृति से हमेशा जुड़ कर रहने वाले श्री शर्मा का मानना है कि टेरेस गार्डन के भी कई फायदे हैं। ताजी और ऑर्गेनिक सब्जियां घर में ही उगा सकते हैं। इसका सेवन स्वास्थ्य की दृष्टि से काफी अच्छा होता है। छत पर पौधे होने से घर के कमरों का तापमान कम रहता है। जिससे गर्मी कम लगती है। यह ताजी हवा, मानसिक शांति और हरियाली प्रदान करता है। खाली छत का रचनात्मक उपयोग हो जाता है।

### जरूरी है वॉटरप्रूफिंग कराना

श्री शर्मा ने बताया कि टेरेस गार्डन लगाने से पहले छत की अच्छी तरह वॉटरप्रूफिंग भी ध्यान दिया गया था ताकि पानी के रिसाव से घर खराब न हो। सब्जियां, फूल, फल लगाने और उसकी देखभाल करने पहले से प्लानिंग की गई थी। इन सभी कामों में परिजनों का पूरा सपोर्ट रहा।

### बेहतर गमलों का किया चयन

श्री शर्मा गमले, ग्रो बैग्स का चयन को लेकर काफी गंभीर हैं। प्लास्टिक या फैब्रिक ग्रो बैग्स हल्के होते हैं, इसलिए इसका उपयोग ज्यादा करने उनका प्रयास रहता है। हल्की और पोषक मिट्टी, पानी की निकासी के लिए छेद वाला गमला रखते हैं। नियमित पानी देकर पौधों को पर्याप्त धूप मिलने की भी व्यवस्था कर रखे हैं। पौधों को तेज़ गर्मी से बचाने ग्रीन नेट का उपयोग कर रहे हैं। पौधों में नियमित रूप से जैविक केंचुए की खाद डालते हैं।

# मोहिनी एकादशी पर फूलों से सजाया गया श्याम दरबार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

### राम मंदिर से निकाली गई निशान यात्रा, 151 निशान अर्पित

जय श्री श्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर द्वारा श्री खाटू श्याम मंदिर घोंघा बाबा मंदिर परिसर बिलासपुर धाम में वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर सोमवार को राम मंदिर तिलक नगर से निशान यात्रा निकाली गई। मंदिर पहुंच कर श्याम भक्तों ने 151 निशान अर्पित किए। 121 किलो फूल से भव्य दरबार सजाया गया।

वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को भगवान विष्णु के मोहिनी अवतार की पूजा के लिए मनाई जाती है। श्याम एकादशी उत्सव मोहनी एकादशी पर शाम को भजन संध्या आयोजित की गई। इसमें गायक कलाकारों ने एक से बढ़ कर एक भजन पेश कर प्रभु का गुणगान किया। गुलाब, रजनीगंधा, सेवंती, गेंदा, पुदीना पत्ती, तुलसी, मोंगरा, जूही के 121 किलो फूल से भव्य दरबार सजाया गया। भगवान श्याम का विशेष श्रृंगार कर महाआरती की गई। यह व्रत पापों के नाश, मोह-माया से मुक्ति और सुख-समृद्धि के लिए उत्तम माना जाता है। इस दिन उपवास रखने



और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ करने से कष्टों से मुक्ति मिलती है। माना जाता है कि भगवान विष्णु ने समुद्र मंथन के दौरान अमृत बांटने के लिए



मोहिनी रूप धारण किया था। यह व्रत व्यक्ति को मोह-माया और पापों से मुक्त कर सही राह पर चलने की शक्ति देता है।

# सुमुख गणेश मंदिर में भगवान गणेश का अभिषेक





**बिलासपुर।** श्री सुमुख गणेश मंदिर रेल्वे में अप्रैल माह के अंतिम रविवार को सुबह भगवान गणेश का अभिषेक, सहस्त्रनाम अर्चना, अलंकार आरती की गई। प्रसाद वितरण कर मंदिर के पंडितों व भक्तों ने विष्णु व ललिता सहस्त्रनाम का पाठ किया।

ज्ञात हो कि मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा जनवरी 2026 के अंतिम रविवार को भोजन प्रसाद का क्रम शुरू किया गया है। इसी क्रम में माह अप्रैल में भी भोग भंडारा कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। इसमें सबसे पहले गणेश भगवान को भोग अर्पित कर दोपहर 1 से 3 बजे तक भोजन प्रसाद का वितरण किया गया। इसमें आसपास के भक्तों ने शामिल होकर गणेश भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।



## मोबाइल का कम उपयोग करने से बढ़ेगी एकाग्रता

**बिलासपुर।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय की बिलासपुर स्थित मुख्य शाखा टेलीफोन एक्सचेंज रोड पर स्थित राजयोग भवन में आयोजित बाल संस्कार शिविर के चौथे दिन का मुख्य विषय-मोबाइल से होने वाले नुकसान और स्वच्छता का महत्व रहा। जिसे बच्चों को सरल, रोचक और प्रभावशाली तरीकों से समझाया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत शांति और सकारात्मक ऊर्जा संदेश के साथ हुई। बीके नवीन गुप्ता भाई ने मोबाइल के अत्यधिक उपयोग से होने वाले शारीरिक, मानसिक और नैतिक नुकसानों के बारे में जानकारी दी और समझाया कि मोबाइल का अधिक उपयोग आंखों की रोशनी को कमजोर कर ध्यान भंग करता है। पढ़ाई में बाधा बनता है और धीरे-धीरे आदत में बदलकर समय और ऊर्जा दोनों को नष्ट करता है। उन्होंने सरल उदाहरणों के माध्यम से बताया कि किस प्रकार मोबाइल से दूरी बनाकर हम अपने जीवन में खेल, पढ़ाई, परिवार और सृजनात्मक गतिविधियों के लिए समय निकाल सकते हैं।

### प्रश्नोत्तरी सहित हुई अन्य गतिविधियां

बच्चों प्रभावशाली बनाने के लिए कई तरह की एक्टिविटीज कराई गई। जिसमें प्रश्नोत्तरी, रोल-प्ले और समूह चर्चा शामिल रही। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों ने स्वयं महसूस किया कि मोबाइल से दूर रहकर वे कितने अधिक सक्रिय, खुश और एकाग्र रह सकते हैं। वहीं मोटिवेशनल वीडियो के माध्यम से बच्चों को प्रेरक संदेश दिया गया।

### संस्कारवान बनने किया प्रेरित

बीके वसुधा दीदी ने बच्चों को स्वच्छता का महत्व समझाया। उन्होंने व्यक्तिगत व घर की स्वच्छता और आसपास के वातावरण को साफ रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और बताया कि स्वच्छता न केवल हमें बीमारियों से बचाती है, बल्कि हमारे मन को भी स्वच्छ और प्रसन्न रखती है। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन हाथ धोने, साफ कपड़े पहनने, अपने कमरे और विद्यालय को साफ रखने जैसे सरल लेकिन महत्वपूर्ण संस्कार अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर लोकप्रिय मोटू-पतलू की जोड़ी ने बच्चों का खूब मनोरंजन किया।

स्पोर्ट्स न्यूज



## प्लेट ग्रुप टी 20 में बिलासपुर ब्लू की चौथी जीत

**बिलासपुर।** मेंस सीनियर प्लेट ग्रुप टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबले में बिलासपुर ब्लू की टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए चौथी जीत हासिल की है। छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के तत्वावधान में मेंस सीनियर प्लेट ग्रुप टी 20 इंटर डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को बिलासपुर ब्लू ने अपना सेमीफाइनल मुकाबला जशपुर के साथ भिलाई के सेक्टर 10 मैदान में खेला। जशपुर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। बिलासपुर ब्लू ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में तीन विकेट होकर 225 रन बनाएं। टीम की ओर से नयन राजकुमार चवन ने 81 रन, पवन परनाते 80 रन और मोहम्मद इरफान ने नाबाद 53 रनों की पारी खेली। जशपुर के गेंदबाज अवधेश कुमार जायसवाल और मनीष पन्ना ने एक-एक विकेट प्राप्त किया। 226 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 19.2 ओवर में 173 बनाकर जशपुर की पूरी टीम आउट हो गई। टीम के खिलाड़ी अवधेश कुमार जायसवाल ने 65 रन और सुयश वस्त्रकार ने 32 रनो की पारी खेली। बिलासपुर ब्लू के गेंदबाज वासुदेव बरेठ ने 12 रन देकर चार विकेट, मोहित रावत और दीपक सिंह बघेल ने दो-दो विकेट प्राप्त किया। बिलासपुर ब्लू ने यह मैच 52 से जीतकर मेंस सीनियर एलीट ग्रुप T20 इंटर डिस्ट्रिक्ट प्रतियोगिता में अपना स्थान पक्का किया। मैच के निर्णायक मोहम्मद दाऊद और मनजीत सिंह, स्कोरर महेंद्र साहू और ऑब्जर्वर दलजीत सिंह सिडाना, बिलासपुर टीम के कोच आकाश सिंह थे। बिलासपुर ब्लू प्लेट ग्रुप सेमीफाइनल जीत के साथ ही सीनियर टी-20 एलीट ग्रुप में पहुंच गई है।

इंटर स्कूल क्रिकेट

## आयानवीर ने किया शानदार प्रदर्शन



उत्तराखंड में आयोजित इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में आयानवीर ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए पांच मैच में 264 रन बनाने के साथ आठ विकेट हासिल किया, जिसके कारण उन्हें मैन आफ द सीरिज का पुरस्कार प्रदान किया गया है।

आठवीं आल इंडिया पीसी बट्टा मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन देहरादून उत्तराखंड में किया गया। इस प्रतियोगिता में फाउंडेशन क्रिकेट एकेडमी के खिलाड़ी अयानवीर सिंह भाटिया ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पांच मैचों में 264 रन बनाएं और 8 विकेट भी लिए। अयानवीर को इस टूर्नामेंट में मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार भी दिया गया। कासिगा स्कूल देहरादून की टीम ऑल इंडिया क्रिकेट टूर्नामेंट में चैंपियन बनी। कासिगा स्कूल देहरादून की टीम को चैंपियन बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। आयानवीर सिंह ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए छत्तीसगढ़ और फाउंडेशन का नाम रौशन किया। अयानवीर कासिगा स्कूल देहरादून उत्तराखंड की टीम से राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खेल रहे थे। पांच मैच में अयानवीर सिंह ने उत्तराखंड के पिच पर शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में 12 राज्यों की टीम ने प्रदर्शन किया, जिसमें मसूरी, देहरादून, असम, सोलान, मध्यप्रदेश ग्वालियर सहित अन्य टीम शामिल थी। 12 टीम भाग लिया।




## एबी वारियर्स ने जीता एडवोकेट क्रिकेट का खिताब

मिनी स्टेडियम में चल रहे एडवोकेट प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला जीतकर एवी वारियर्स की टीम ने विजेता होने का गौरव हासिल किया है। एडवोकेट प्रीमियर लीग का आयोजन गांधी चौक स्थित मिनी स्टेडियम में किया जा रहा था। रविवार को फाइनल मुकाबला एवी वारियर्स और एसआरपी फाइटर के बीच खेला गया। टास जीतकर एवी वारियर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 12 ओवर में 141 रन बनाए। टीम की ओर से दीपक अग्रवाल ने 42 रन, ऋषि शर्मा ने 31 रन, ईशान वर्मा ने 21 रन, विकास चंद्राकर ने 16 रन बनाया। एसआरपी फाइटर के गेंदबाज प्रेम देवांगन ने तीन विकेट हासिल किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एसआरपी फाइटर की टीम 108 रन पर आउट हो गई। टीम के खिलाड़ी सुमित बंजारे ने 28 रन, गौरव कुर्रे ने 39 रन बनाए। एबी वारियर्स के गेंदबाज प्रत्यक्ष शर्मा, विकास पांडेय, हर्षित तिवारी ने 2-2 विकेट, दीपक अग्रवाल ने एक विकेट प्राप्त किया। शानदार खेल का प्रदर्शन करने पर दीपक अग्रवाल को मैन आफ द मैच ऑर मैन आफ द सीरिज का पुरस्कार दिया गया। वहीं एमएस जाइंट्स के कप्तान राहुल तमस्कर को सर्वश्रेष्ठ फील्डर, शर्मा थंडरबर्ड को अनुशासित टीम का पुरस्कार प्रदान किया गया।

**खबर संक्षेप**

## महिला से 52 नग अवैध देशी शराब जब्त

**बिलासपुर।** अवैध शराब की बिक्री के मामले में तारबाहर पुलिस ने छापामार कार्रवाई करते हुए एक महिला को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 52 नग देशी शराब की जब्ती की गई है। मामले के अनुसार तारबाहर पुलिस को सूचना मिली थी कि महिला अवैध रूप से शराब बिक्री करने के लिए थैले में शराब ले जा रही है। टीआई के निर्देश पर टीम ने दीनदयाल गार्डन के सामने व्यापार विहार के लिए निकले। इस दौरान घेराबंदी कर उस महिला को रोका गया और थैले से 52 नग देशी शराब बरामद किया गया। पुलिस ने ग्राम सागर सकरी निवासी आरोपी महिला धरमीन यादव पति राधेश्याम यादव उम्र 45 साल को जेल भेज दिया है।

## हास्टल से गायब छात्र नागपुर से बरामद

**बिलासपुर।** हास्टल में अध्ययनरत छात्र की गायब होने की गुत्थी सुलझ गई है। कोटा पुलिस ने छात्र को नागपुर से बरामद कर लिया है। घटना कोटा थाना क्षेत्र के कोटा की है। जहां राजा मिश्रा पिता हरप्रसाद मिश्रा उम्र 42 साल फिरंगीपारा कोटा निवासी ने थाने में गुम इंसान रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें कहा गया था कि महावीर कॉलोनी संगम चौक गया बिहार निवासी रोहित कुमार पिता अमरेन्द्र कुंमार कोटा के छात्रावास में रहकर बी. फार्मेसी के चतुर्थ सेमेस्टर में पढ़ाई कर रहा है। छात्र 6 मार्च को छात्रावास से अचानक गायब हो गया है। गुमइंसान का मामला सामने आने के बाद पुलिस ने हाथ पैर मारना शुरू किया और परिसर के स्टाफ और दोस्तों से पूछताछ की गई। इस दौरान पुलिस ने क्लासमेट, छात्रावास के अन्य छात्र व छात्राओं के कॉल, बैंक एकाउंट का डिटेल निकाला। सीसीटीवी फुटेज देखा गया, इस दौरान सूचना मिली कि वह दमोह, मथुरा, वृन्दावन जा सकता है, ऐसे में पुलिस की टीम ने वहां जाकर खोजबीन की। इस दौरान पुलिस लगातार तकनीकी साक्ष्य जोड़ रही थी तभी पता चला कि रोहित कुमार का नागपुर में है। तत्काल पुलिस की टीम रवाना हुई और 26 अप्रैल को नागपुर में रोहित को बरामद कर लिया गया। पूछताछ में रोहित ने बताया कि ऑनलाइन गेमिंग में संलिप्त है और कई लोगों से उधारी लेकर गेम में पैसे लगा चुका है। उसे डर था कि पिता को पता चलते ही दिक्कत हो सकती है, इसी डर की वजह से वह छात्रावास से भाग निकला था। बरामदगी के बाद रोहित को उसके परिजनो को सुपुर्द किया गया। कार्रवाई में निरीक्षक नरेश चौहान, सउनि गोपाल खाण्डेकर, आरक्षक धर्मेंद्र साहू, अनिल साहू, जलेश्वर साहू, सायबर सेल आरक्षक प्रशांत राठौर का विशेष भूमिका रही।

## किराना दुकानों में ड्रग विभाग की दबिश

**बिलासपुर।** अधिकारियों के निर्देश पर फूड और ड्रग विभाग लगातार एक्टिव है। सोमवार को विभाग के अधिकारियों ने तेलीपारा और सरजू बगीचा जैसे इलाकों में नकली सामानों की बिक्री की आशंका को देखते हुए 4 दुकानों की जांच की। सोमवार को सरजू बगीचा रोड व तेलीपारा में विक्की जनरल स्टोर, संजय ट्रेडर्स में नकली सामानों की बिक्री को देखते हुए दबिश दी गई और नेल पेंट, लिपस्टिक, फेस पॉउडर और अन्य कास्मेटिक सामानों का सैंपल लिया गया। इसी तरह लीला इंटरप्राइजेस और मां वैष्णवी एजेंसी में भी जांच की गई और विभाग के अधिकारियों ने पाया कि यहां खाता संधारण नहीं किया गया है, बिलिंग की जांच में गफलत पाई गई है। विभाग ने 4 दुकानों को नोटिस जारी कर दिया है। इसके साथ ही औषधि निरीक्षक सुनील पंडा ने जीपीएम के 3 कॉस्मेटिक का निरीक्षण किया गया। जहां पाउडर का सैंपल लिया गया है। 3 दुकानों में कास्मेटिक का क्रय विक्रय बिल सही पाया गया। दुकानदारों से कहा गया है कि अनाधिकृत विक्रेताओं से बिना बिल के कॉस्मेटिक खरीदने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सहायक औषिधी कंट्रोलर भीष्म सिंह ने बताया कि उच्च अधिकारियों के निर्देश पर कार्रवाई की जा रही है, कलेक्टर ने भी जिले में नकली सामान बेचने पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश जारी किए है जिसके बाद निरीक्षक अलग-अलग जगहों पर जाकर कार्रवाई कर रहे है। उन्होंने बताया कि शहरीय क्षेत्रों के बाद अब ग्रामीण क्षेत्रों के दुकानों में भी कार्रवाई की जाएगी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

**अव्यवस्था** यात्री गाड़ियों का स्टापेज एक की जगह 2 से 5 के बीच अधिक, इन प्लेटफार्म पर तप रहे यात्री

# मालगाड़ियों को मिस्टिंग से दे रहे ठंडक, यात्री पसीना बहा रहे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर




रेल प्रशासन ने यात्रियों को गर्मी से राहत देने के लिए प्लेटफार्म नम्बर एक पर मिस्टिंग मशीन तो शुरु कर दी है, जिसमें से निकलने वाला फौवारा खाली और कोयला लोडेड मालगाड़ियों को ठंडक पहुंचा रहा है। वहीं यात्री गाड़ियों के स्टापेज वाले प्लेटफार्म नम्बर 2 से 5 के बीच के यात्री दोपहर की भीषण गर्मी में तप रहे हैं, जिसकी सुविधा की ओर रेल प्रशासन के अफसरों का ध्यान नहीं जा रहा है।

एसईसीआर मुख्यालय का जोनल रेलवे स्टेशन बिलासपुर है, जहां जोन के अनुसार यात्रियों को सुविधा दी जानी है। स्टेशन में यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिए जाने के लिए 8 प्लेटफार्म बनाए गए हैं। इसमें दो नए प्लेटफार्म बनाने की ओर भी काम किया जा रहा है। इस कार्य के पूरा होने के उपरांत प्लेटफार्म की संख्या 10 हो जाएगी। प्लेटफार्म नम्बर एक से लेकर 4-5 तक में पहले मुम्बई की ओर से हावड़ा जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट, दुर्ग, रायपुर से बिलासपुर होकर कटनी की ओर जाने वाली ट्रेनों के अलावा उत्कल व अन्य यात्री ट्रेनों का स्टापेज दिया जाता है। यात्रियों को भी प्लेटफार्म नम्बर एक पर टिकिट लेकर सीधे ट्रेन में सवार होने की सुविधा भी मिल जाती है। वर्तमान में प्लेटफार्म की स्थिति ऐसी हो गई है कि सुबह से रात तक उत्कल, राजधानी और रात में आने वाली शालीमार एक्सप्रेस के अलावा बाकी अन्य ट्रेनों के बजाय केवल मालगाड़ी का स्टापेज ही दिया जा रहा है। अब तो रेल प्रशासन ने हद की कर दी है, जो यात्रियों कों सुविधा देने के बजाय असुविधा देती जा रही है। प्लेटफार्म नम्बर एक पर रेल प्रशासन की ओर से आरपीएफ पोस्ट से लेकर वीआईपी गेट यानि 100 मीटर की दूरी तक मिस्टिंग मशीन के लिए पाइप बिछाई है। यह प्रतिवर्ष गर्मी के समय ही चालू की जाती है ताकि यात्रियों को मिस्टिंग से निकलने वाले फौव्वारे से राहत मिल सके। मशीन का फौव्वारा यात्रियों के बजाय केवल मालगाड़ियों को ठंडा करने का ही काम आ रहा है।

### केवल 10 ट्रेनों का स्टापेज

- सप्ताह में तीन दिन सोमवार, मंगलवार, शुक्रवार को 20808 हीराकुंड एक्सप्रेस का स्टापेज सुबह 4 से 4.15 बजे तक।
- प्रतिदिन रवाना होने वाली 58214 टिटलागढ़ एक्सप्रेस सुबह 6.50 बजे।
- प्रतिदिन चलने वाली 58201 बिलासपुर-रायपुर लोकल सुबह 6.55 बजे।
- प्रतिदिन चलने वाली 18478 उत्कल एक्सप्रेस सुबह 9 बजे।
- प्रतिदिन चलने वाली 13287 साउथ बिहार एक्सप्रेस सुबह 9.40 बजे।
- सप्ताह में दो दिन गुरुवार, शुक्रवार को 12151 समरसता एक्सप्रेस 16.35 से 16.50 बजे तक।
- सप्ताह में एक दिन शनिवार को 12949 कविगुरु एक्सप्रेस 16.35 से 16.50 बजे तक।
- प्रतिदिन चलने वाली 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस 18.50 बजे।
- प्रतिदिन चलने वाली 12070 जनशताब्दी एक्सप्रेस 1935 बजे।
- प्रतिदिन चलने वाली 18029 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस 21.50 बजे।

### यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म 2 से 5 तक

चार-पांच सालों से प्लेटफार्म नम्बर एक पर मालगाड़ियों के स्टापेज होने की वजह से हावड़ा से मुम्बई की ओर जाने वाली एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के अलावा लोकल व पैसेंजर ट्रेनों का स्टापेज प्लेटफार्म नम्बर 4 और 5 में दिया जा रहा है। इसी तरह मुम्बई से हावड़ा की ओर जाने वाली ज्यादातर ट्रेन प्लेटफार्म 2 और 3 में रूक रही है, जिसके कारण यात्री प्लेटफार्म नम्बर एक से टिकिट लेने के बाद 2 से 5 नम्बर प्लेटफार्म तक आना-जाना करते हैं। इन प्लेटफार्म पर ट्रेनों का स्टापेज होने से यात्रियों की भी अच्छी खासी भीड़ रहती है। दोपहर के बाद यह प्लेटफार्म वीरान हो जाता है, जहां केवल मालगाड़ियां ही दिखाई देती हैं।

### मैन्यूअल आपरेटिंग परिचालन

बिलासपुर रेल मंडल और सेक्शन में 250 से अधिक मालगाड़ियां और 100 से अधिक कोचिंग ट्रेनें हैं। इन सभी ट्रेनों का परिचालन मैन्यूअल आपरेंटिग के जरिए होता है। दो कोचिंग ट्रेनों की अपेक्षा मालगाड़ियों की संख्या अधिक है, इसलिए स्वभाविक है कि स्टेशन प्लेटफार्म पर मालगाड़ियां दिखाई देगी। वहीं मालगाड़ियों के कारण कोचिंग ट्रेन के परिचालन पर कोई असर नहीं पड़ता है।

**-अनुराग कुमार सिंह,** सीनियर डीसीएम, रेल मंडल बिलासपुर

बीट गार्ड सस्पेंड, डिप्टी रेंजर को सस्पेंड करने का भेजा गया प्रस्ताव

# भरी गर्मी में चला दी गई सैकड़ों पेड़ों पर कुल्हाड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ **बचे हैं पेड़ों के सिर्फ ठूंठ**

भीषण गर्मी में जहां पेड़ों की छांव के लिए लोग तरस रहे हैं। वहीं गर्मी के मौसम और बढ़ते तापमान के बावजूद गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के जंगल में लगे सैकड़ों की संख्या में सागौन और अन्य प्रजातियों के हरे-भरे पेड़ों पर कुल्हाड़ी चला दी गई। इसका खुलासा स्टेट फ्लाइंग स्क्वायड की टीम के मौके पर पहुंचने और ठूंठ देखने के बाद हुआ। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएफओ ने तत्काल बीट गार्ड को सस्पेंड कर दिया है। वहीं रेंजर और डिप्टी रेंजर को सस्पेंड करने का प्रस्ताव सीसीएफ के पास भेजा गया है।

अप्रैल माह में भीषण गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। बढ़ते तापमान के कारण लोग पेड़ों की छांव की तलाश कर रहे हैं। वहीं लगातार जंगल के हरे-भरे पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की वजह से सबसे अधिक परेशानी वन्यप्राणियों को हो रही है, जो पेड़ों की छांव और पानी नहीं मिलने के कारण गांव की ओर रूख कर रहे हैं। इसके कारण वन्यप्राणियों के शिकार की घटनाएं भी हो रही है। पेड़ों को काटने के बाद पौधे लगाने का काम तो नहीं हो रहा है, उल्टे लगे हुए हरे-भरे पेड़ों की अवैध कटाई का मामला प्रतिदिन का हो गया है। इसी तरह का हाल बिलासपुर वन वृत्त के गौरेला पेण्ड्रा मरवाही के जंगल की है, जहां वन माफिया और लकड़ी तस्करों ने सागौन, साल जैसे बेशकीमती पेडों की अंधाधुंध कटाई कर दी है। इसकी जानकारी रायपुर मुख्यालय में देने के बाद स्टेट फ्लाइंग स्क्वायड की टीम जब मौके पर पहुंची तो जंगल के अंदर का नजारा देखकर हैरान रह गई। जांच के दौरान जंगल के बीच बड़ी संख्या में पेड़ों के ठूंठ चारों ओद दिखाई दिए, जिससे आशंका व्यक्त की गई कि काफी समय से सुनियोजित ढंग से पेड़ों की अवैध कटाई की जा रही थी।



### पीपरखूंटी बीट में 122 से ज्यादा ठूंठ

स्टेट फ्लाइंग स्क्वायड की टीम ने सबसे पहले पीपरखूंटी बीट में पहुंचकर जांच की। यहां जंगल के अंदर सागौन व साल के 122 से अधिक ठूंठ पाए गए। टीम ने मौके पर मौजूद वन कर्मचारियों से एक-एक ठूंठ की गिनती कराई। पेड़ों की कटाई कितने समय से चल रही थी, इसका भी आंकलन किया गया। इसके बाद टीम ठाढ़ पथरा, आमानाला बीट पहुंची, जहां स्थिति और भी गंभीर दिखी। बाहर से घना दिखाई देने वाला जंगल अंदर से उजाड़ नजर आया। कई स्थानों पर बड़े पेड़ों को काटकर खाली जमीन छोड़ दी गई थी।

### इलेक्ट्रानिक आरा मशीन से कटाई

प्रारंभिक जांच के दौरान मामला सामने आया कि पेड़ों की कटाई के लिए आधुनिक इलेक्ट्रानिक आरा मशीन का उपयोग किया गया। इससे आशंका मजबूत हुई कि अवैध कटाई करने वाले गिरोह तकनीकी संसाधनों और मजबूत नेटवर्क के साथ काम कर रहे हैं। वन विभाग के अनुसार इतनी बड़ी संख्या में लकड़ी की तस्करी एक दो दिन में संभव नहीं थी। माना जा रहा है कि वर्षो से इस तरह की गतिविधियां जंगल के अंदर संचालित की जा रही थी।

### विभागीय मिलीभगत की आशंका

इतने बड़े पैमाने पर जंगल साफ होने के बाद अब वन विभाग की भूमिका भी सवालों के घेरे में हैं। संभावना व्यक्त की जा रही है कि तस्करों का विभाग के कुछ अफसरों व फील्ड स्टाफ से संबंध हो सकता है। इसकी अधिकारिक पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है, लेकिन जांच एजेंसी इसपर लगातार नजर रखी हुई है। दूसरी ओर जांच दल को ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि जंगल में पेड़ों की कटाई के संबंध में सूचना अधिकारियों को दी गई, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी। इसके कारण लकड़ी तस्करों का दबदबा बढ़ गया।

### कर्मचारियों की भी गलती

कक्ष क्रमांक 2305 में पेड़ों की कटाई की गई। सूचना मिलने के बाद रायपुर से टीम जांच करने के लिए पहुंची, जिन्होंने साल, सागौन और मिश्रित पंजाति के ठूंठ देखे। इसके अलावा कुछ लकड़ी मौके पर मिली, जिसकी कीमत 2 लाख 60 हजार रुपए की थी। इस मामले में कर्मचारियों की भी गलती नजर आ रही है। पूरे मामले का प्रतिवेदन बनाकर भी भेजा गया है। वहीं बीट गार्ड दीपक सिदार को सस्पेंड करने के अलावा, रेंजर प्रबल दुबे, डिप्टी रेंजर देवकिशन रामरजक को सस्पेंड करने के लिए सीसीएफ को पत्र लिखा गया है।

**-ग्रीष्मी चांद**
डीएफओ, मरवाही

## चोरों के अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश, मेरठ से एक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** शहर के अलग-अलग रिहायशी इलाकों के अपार्टमेंट को निशाना बनाकर चोरी को अंजाम देने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह के सदस्य को पकड़ने में बिलासपुर पुलिस ने सफलता पाई है। दिल्ली और मेरठ में रहकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। वहीं उसके कब्जे से 35 ग्राम सोना भी जब्त किया गया है।



मामले के अनुसार पिछले साल 28 सितंबर को साकेत अपार्टमेंट के फ्लैट न. बी 15 में अज्ञात चोर ने घर का ताला तोड़ कर चोरी की थी, इस दौरान सोने के जेवर व रूबी को चोरों ने ले उठा था। इसी तरह अपार्टमेंट के फ्लैट न. बी 201 में भी सुने मकान में चोरी की गई और चोरों ने सोने व चांदी के जेवरात को पार कर दिया था। घटना के बाद भी चोरों के हौसले बुलंद रहे और उसी दिन मंगला चौक के रियल हैवन में घर का ताला कुंदा तोड़कर चोरी की और पड़ोसी के देखते ही 1 व्यक्ति को पेचकस, बाइक और अपना सामान छोड़ कर मौके से भाग खड़ा हुआ। लोगों ने मंगला चौक तक उसका पीछा किया लेकिन लोगों के हाथ नहीं लग सका। पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की और मौके पर डॉग स्कॉट, फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट से जानकारी जुटाई गई। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी भागता दिखाई दिया। पुलिस ने आरोपी का फोटो लेकर अन्य प्रदेशों की पुलिस ने जानकारी जुटाई जिसमें पता चला कि आरोपी दिल्ली मेरठ का रहने वाला ताज मोहम्मद व वसीम मोहम्मद है। जांच में पता चला कि आरोपी के खिलाफ मेरठ, दिल्ली में ही 47 आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस को पता चला कि आरोपी ताज मोहम्मद व वसीम मोहम्मद शातिर चोर हैं और मौके से बड़ी ही सफाई से निकलने में महारत हासिल है। आरोपी की पुख्ता जानकारी मिलने के बाद बिलासपुर पुलिस ने 2 बार संभावित ठिकानों में छापा मारा लेकिन उस समय दिल्ली पुलिस द्वारा चोरी के पुराने मामले में वसीम मोहम्मद को गिरफ्तार कर लिया गया, वह अभी भी दिल्ली मोहम्मद सतर्क हो गया और पहचान छुपाकर रहने लगा। बिलासपुर पुलिस की टीम ने 20 दिन तक दिल्ली मेरठ व अन्य संभावित स्थानो पर कैम्प कर पतासाजी कर रही रही, ताज मोहम्मद अपना मोबाइल बंद कर चुका था तथा घर भी नहीं जा रहा था। पुलिस ने घर के लोगों व दोस्तों के मोबाइल नंबरों और बैंकिग व फोन पे की तकनीकी जांच की और ताज मोहम्मद को 24 अप्रैल को धरदबोचा गया।

### वसीम के साथ करता है चोरी

पुलिस के ताज मोहम्मद से पूछताछ में यह बात सामने आई है कि शहर के कई इलाकों में अपने साथी वसीम के साथ चोरी को अंजाम देता था। इस दौरान सोने एवं चांदी के जेवर को स्वयं ही गलाता था।वह सोना गलाने के लिए अपने पास चिमनी भी रखता था। ताज मोहम्मद की निशानदेही पर कुल 35.34 ग्राम गला हुआ सोना व चिमनी बरामद कर लिया गया है।

## सड़क हादसे में ऑटो सवार पत्नी की मौत, पति और चालक गंभीर

**बिलासपुर।** तोरवा थाना क्षेत्र में हुए भीषण सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां उजड़ गईं। तेज रफ्तार कार ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी, हादसा इतना जबरदस्त था कि महिला की मौके पर मौत हो गई, जबकि उसका पति और ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा लालखदान ओवरब्रिज पर सुबह करीब 5:30 बजे हुए इस हादसे को देख हर किसी का दिल पसीज गया।



मृतका।

मिली जानकारी के अनुसार, मस्तूरी थाना अंतर्गत मल्हार चौकी क्षेत्र के ग्राम धनगवां निवासी रणजीत डहरिया अपनी पत्नी बिरस बाई डहरिया के साथ गुजरात से रोजी-रोटी कमाकर वापस अपने गांव लौट रहे थे। दोनों रविवार-सोमवार की रात ट्रेन से बिलासपुर पहुंचे और रेलवे स्टेशन से सुबह करीब 5 बजे घर जाने के लिए ऑटो क्रमांक सीजी 10 एजी 7221 किराए पर लिया। ऑटो लालखदान ओवरब्रिज पहुंचा ही था कि सामने से तेज रफ्तार में आ रही कार क्रमांक सीजी 04 बीए 3294 ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो के परखच्चे उड़ गए और उसमें सवार सभी लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने बिरस बाई डहरिया को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनके पति रणजीत डहरिया की हालत गंभीर बनी हुई है। ऑटो चालक को गंभीर चोट आई है, हादसे में उसका पैर टूट गया है। घटना की सूचना मिलते ही तोरवा पुलिस मौके पर पहुंची और कार चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त कार को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



### अक्सर होता है हादसा

लालखदान हादसों को लेकर ब्लैक पांइट है जहां अक्सर सड़क हादसा होता है। कुछ दिन पहले भी कार पलटने से क्षतिग्रस्त हो गई थीं। यही कारण की कोई न कोई मौत के घाट उतर जाता है या फिर गंभीर रूप से घायल हो जाता है। इसके बावजूद जिम्मेदार अधिकारी सड़क को लेकर उदासीन है, कई बार रात के समय यहां बिजली बंद होने के कारण हादसा होने का खतरा बना रहता है।

## पिकअप पलटा, 15 घायल, 1 की मौत

**बिलासपुर।** उमरिया दादर से बारात में शामिल होने आए बाराती लौटते समय हादसे के शिकार हो गए। पिकअप पलटने की वजह से 1 व्यक्ति की मौत हो गई वहीं 15 अन्य घायल हो गए हैं, जिनका इलाज सिम्स में चल रहा है, इनमें 2 लोगों की हालत नाजुक है।

मिली जानकारी के अनुसार उमरिया दादर से करीब 15 से 20 लोग बारात में शामिल होने सीपत पहुंचे थे। रविवार को वापसी के दौरान लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाने के कारण सीपत थाना क्षेत्र के पास पिकअप पलट गया। इस दौरान रामजी सिंह पिता हृदय सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसे डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य 15 लोगों को इलाज के लिए सिम्स भर्ती कराया गया। घायलों में रघुनंदन, कान्हा, सुमिल सिंह मरकाम, दुर्गेश सिंह, कुलदीप कुमार, भगवान सिंह, राधेश्याम, अनुभुत, प्रमोद आर्यन, देवी गेंदले, साजन डहरिया, लक्की, पप्पू डहरिया शामिल हैं।



मृतक।

## सीसीटीवी से मिला सुराग, बाइक चोर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ **पानी पाउच लेने के बहाने पार किया था बाइक**



लिफ्ट लेकर पानी पाउच मंगाने के बहाने युवक की बाइक पार करने वाले आरोपी को मस्तुरी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार मुलमुला जांजगीर का रहने वाला भारत लाल केंवट अपने ससुराल वेदपरसदा आया था। वही किसी काम से अपनी बाइक क्रमांक सीजी 11 बीएच 4552 से गांव जा रहा था। अज्ञात व्यक्ति ने रास्ते में उससे लिफ्ट मांगा और और मल्हार चौकी के बुढ़िखार पहुंचा। इस दौरान अज्ञात व्यक्ति ने भारत लाल को पानी पाउच लाने के लिए भेज दिया, मौका पाकर अज्ञात व्यक्ति ने उसकी बाइक को पार कर दिया। प्रार्थी भरत ने इसकी शिकायत मल्हार चौकी में दर्ज कराई। पुलिस ने घटनास्थल व आसपास के लगे सीसी कैमरे को जांचा और आरोपी के फोटोग्राफ के माध्यम से अलग-अलग गांव के लोगों को फोटो दिखाकर पहचान कराया। इस दौरान मुखबीर सूचना के आधार पर जानकारी मिली।

मुखबिर ने बताया कि गिद्धपुरी के निवासी नवरोत्म दास वैष्णव पिता खोलू दास उक्त बाइक को अपने घर के कमरे में कपड़े से ढक कर छुपा रखा है। पुलिस ने दबिश दी और आरोपी नरोत्तम दास से बाइक बरामद कर लिया है।

KALDA HOSPITAL
कालड़ा हॉस्पीटल
यूनिट ऑफ कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक सर्जरी सेंटर
• प्लास्टिक सर्जरी एवं बर्न केयर
• कटे होंठ एवं तालु का ईलाज
• कॉस्मेटिक सर्जरी
• हेयर ट्रांस्प्लांट
• लाइपोसक्शन
• अंगों का प्रत्यारोपण
पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड कलर्स माल के पास, रायपुर
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
सर्जिकल गैस्ट्रो एवं लैप्रोस्कोपी सर्जरी विभाग
हर्निया क्या होता है
इसके लक्षण, कारण, प्रकार एवं ईलाज हेतु संपर्क करें
24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
अन्य दर्शनः-काशी विश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन- (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग), माना गाँव (भारत का अंतिम गाँव), धारी देवी, चोपता
07 मई, 11 मई, 25 मई, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 31,500/-, 2 एसी- 38,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411